# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, सोमवार 30 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 353




मेरी ही सीट पर बीजेपी का ऑपरेशन लोटस... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● जसप्रीत बुमराह ने बरपाया कहर...

## 'मन की बात' मनोरंजन उद्योग का देश की प्रगति अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान: पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को फिल्म और मनोरंजन जगत की चर्चा करते हुए कहा कि यह उद्योग न सिर्फ देश की प्रगति में बड़ा योगदान दे रहा है, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। श्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 117वीं कड़ी के संबोधन में इस उद्योग के योगदान की विस्तार पूर्वक चर्चा की।



श्री मोदी ने कहा, हमारी एनीमेशन फिल्मों, सामान्य फिल्मों, टीवी सीरीज की प्रसिद्ध दिखाती है कि भारत की क्रिएटिव इंडस्ट्री में कितनी क्षमता है। यह इंडस्ट्री न सिर्फ देश की प्रगति में बड़ा योगदान दे रही है, बल्कि, हमारी अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। उन्होंने आगे कहा, हमारी फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री बहुत विशाल है। देश की कितनी ही भाषाओं में फिल्में बनती हैं। क्रिएटिव कंटेंट बनता है। मैं अपनी फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को इसलिए भी बधाई देता हूँ, क्योंकि उसने 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' के भाव को सशक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपको एक और खुशखबरी देना चाहता हूँ। भारत की क्रिएटिव टैलेंट को दुनिया के सामने रखने का एक बहुत बड़ा अवसर आ रहा है। अगले साल हमारे देश में पहली बार वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंटरटेनमेंट समिट का आयोजन होने वाला है। उन्होंने कहा, आप सभी ने दावोस के बारे में सुन होगा जहां दुनिया के अर्थजगत के महारथी जुटते हैं। उसी तरह वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंटरटेनमेंट समिट में दुनिया-भर की मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के दिग्गज, क्रिएटिववर्ल्ड के लोग भारत आएंगे। यह समिट भारत को ग्लोबल कंटेंट क्रिएटर का मुख्य केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मोदी ने कहा, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस समिट की तैयारी में हमारे देश के यंग क्रिएटर भी पूरे जोश से जुड़ रहे हैं। जब हम 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी की ओर बढ़ रहे हैं, तब हमारी क्रिएटर इकोनामी एक नई ऊर्जा ला रही है। मैं भारत की पूरी एंटरटेनमेंट और क्रिएटिव इंडस्ट्री से आग्रह करूंगा – चाहे आप युवा क्रिएटर हों या एस्टेब्लिशमेंट आर्टिस्ट, बॉलीवुड से जुड़े हों या क्षेत्रीय सिनेमा से, टीवी इंडस्ट्री के लोग हों, या एनीमेशन के के विशेषज्ञ, गेम से जुड़े हों या एंटरटेनमेंट टेक्नोलॉजी के इनोवेटर, आप सभी इस समिट का हिस्सा बनें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का प्रकाश आज कैसे दुनिया के कोने-कोने में फैल रहा है। आज मैं आपको तीन महाद्वीपों से ऐसे प्रयासों के बारे में बताऊंगा जो हमारी सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक विस्तार की गवाह है। ये सभी एक दूसरे से मिलों दूर हैं, लेकिन भारत को जानने और हमारी संस्कृति से सीखने की उनकी ललक एक जैसी है। उन्होंने कहा, पेंटिंग का संसार जितना रंगों से भरा होता है, उतना ही खूबसूरत होता है।

आप में से जो लोग टीवी के माध्यम से 'मन की बात' से जुड़े हैं, वे अभी कुछ पेंटिंग टीवी पर देख भी सकते हैं। इन पेंटिंग में हमारे देवी-देवता, नृत्य की कलाएं और महान विभूतियों को देखकर आपको बहुत अच्छा लगेगा। इनमें आपको भारत में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं से लेकर और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। इनमें ताजमहल की एक शानदार पेंटिंग भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस पेंटिंग को 13 साल की एक बच्ची ने बनाया है। आपको ये जानकार हैरानी होगी इस दिव्यांग बच्ची ने अपने मुहँ से इस पेंटिंग को तैयार किया है।

### वाहनों की भिड़न्त में तीन लोगों की मौत एक घायल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर छाता कोतवाली के अन्तर्गत छाता चीनी मिल के सामने रविवार सुबह ट्रैक्टर और एक डीसीएम कैन्टर के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब कि छाता से मथुरा की तरफ जा रहा कैन्टर अपने आगे जा रहे ईंटो से भरी ट्रैक्टर की ट्राली को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रैक्टर की ट्राली से भिड़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैन्टर आगे से क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर में उमेश पुत्र केशवदेव निवासी सहार थाना बरसाना मथुरा की मौके पर ही मृत्यु हो गई। छाता कोतवाली इंसपेक्टर संजय कुमार त्यागी ने बताया कि घायलों में सवारी के रूप में बैठै पूरन सिंह पुत्र सिरिया निवासी बुलवाना होडल हरियाणा, कैन्टर चालक प्रिंस पुत्र राजकुमार सिंह निवासी आजमगढ़ एवं धर्मेन्द्र यादव निवासी मंहिपालपुर दिल्ली को घायल अवस्था में केडी मेडिकल कालेज ले जाया गया किंतु पूरन ने अस्पताल के रास्ते में दम तोड़ दिया ।

## पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच पहुंचे प्रशांत किशोर

एजेंसी

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को बीपीएससी अभ्यर्थियों के लिए गांधी मैदान में बुलाए गए छात्र संसद में पहुंचे। हालांकि इस छात्र संसद के लिए जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। प्रशांत किशोर गांधी मैदान में प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच पहुंचे और उन्होंने छात्रों से ष्बंटकर नहीं बल्कि एक साथ आने का आह्वान किया है। दरअसल, रविवार सुबह बड़ी संख्या में बीपीएससी परीक्षा के अभ्यर्थी पटना के गांधी मैदान पहुंच गए हैं।



अभ्यर्थी जिला प्रशासन की मनाही के बाद भी छात्र संसद के लिए यहां पहुंचे हैं। वे गांधी प्रतिमा के नीचे बैठकर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। गांधी मैदान पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। दूसरी ओर प्रशांत किशोर भी गांधी मैदान पहुंच गए हैं। इस दौरान आवास से निकलने के पहले प्रशांत किशोर ने कहा, हम लोग प्रदर्शन के लिए नहीं जा रहे, वहां बैठे छात्रों से मिलने जा रहे हैं। इसमें किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। गांधी मैदान में प्रतिदिन हजार, दो हजार लोग जाते हैं। यह कोई कार्यक्रम तो नहीं है, जिसके लिए सरकार की अनुमति लेनी पड़े। हमने सरकार को कल (शनिवार को) जानकारी दे दी थी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर शनिवार को गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर भी पहुंचे थे और रविवार को गांधी मैदान में छात्र संसद की घोषणा की थी। जिला प्रशासन ने हालांकि विभिन्न कारणों का हवाला देते हुए छात्र संसद की अनुमति नहीं दी थी। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी 70वीं परीक्षा का पीटी रद्द करने की मांग को लेकर सैकड़ों अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर पिछले 12 दिन से धरना दे रहे हैं।

### केमिकल कंपनी में गैस रिसाव से चार लोगों की मौत

**भरूच।** गुजरात में भरूच जिल के दहेज मरीन क्षेत्र में एक केमिकल कंपनी में गैस रिसाव से रविवार को चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि जीएफएल नामक केमिकल कंपनी के प्रोडक्शन विभाग के सीएमएस प्लांट में रिसाइकिल कॉलम टोप कंडेंसर पाइप लाइन में शनिवार देर रात अचानक गैस रिसाव हो गया। जिससे वहां काम कर रहे चार कर्मचारी बेहोश हो गए। बेहोशी की हालत में चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान आज तड़के तीन की तथा सुबह अन्य एक सहित कुल चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान कंपनी के कर्मी राजेश कुमार एस मगणादिया (48), महेश नंदलाल (25), सुचित कुमार एस. (39) और मुद्रिका ठा. यादव (29) के रूप में हुयी है।

## सीएम योगी ने की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात

### महाकुंभ में आने का दिया निमंत्रण

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें आगामी महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रत्येक 12 वर्ष पर आयोजित होने वाला महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा राष्ट्रपति के कार्यालय ने 'एक्स' पर मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट की तथा आगामी महाकुंभ 2025 में आगमन के लिये उन्हें आमंत्रित किया।






## दो बच्चों समेत जिंदा जल गए तीन लोग

एजेंसी

**गोरखपुर।** सोनबरसा बाजार में बड़ी घटना हो गई हैं। हाईटेंशन तार बाइक पर गिर गया जिसके कारण 3 लोग जिंदा जल गए। हाईटेंशन तार के गिरने के कारण बाइक सवार 24 साल के युवक की जलकर मौत हुई है। उसके साथ ही 9 साल और 2 साल की बच्ची की भी मौत हो गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने शव ले जाने का विरोध किया।



मरने वालों में पिता उसकी बेटी और भतीजी शामिल है। जब यह व्यक्ति बाइक से जा रहा था उस समय उसके ऊपर 11 हजार वोल्ट की लाइन टूटकर गिर गई। लोगों का आरोप है कि, इस हादसे के पीछे बिजली विभाग की लापरवाही प्रमुख कारण है। पुलिस को मामले की सूचना दी गई जिसके बाद बचाव दल मौके पहुंचा हालांकि तब तक तीनों की मृत्यू हो गई थी। मृतक की पहचान हीरामन राजभर है। वह अपनी बेटी और भतीजी के साथ सोनबरसा बाजार से लौट रहा था। यह हादसा इतना भीषण था कि, तीनों की कुछ मिनटों में ही जलकर मौत हो गई। तीनों के शव पूरी तरह जल गए। अवशेष के रूप में तीनों की हड्डियां ही बची है और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। लोगों का आरोप है कि, बिजली विभाग ने हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत बिजली नहीं काटी। इसी कारण तीनों जलकर खाक हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि, अगर समय पर बिजली काटी गई होती तो शायद तीनों बच जाते। इस मामले पर सपा का कहना है कि, विद्युत विभाग की लापरवाही, गलती से सीएम योगी के शहर गोरखपुर में हाइटेंशन लाइन से जलकर 3 लोगों की असामयिक मौत नहीं ये विद्युत विभाग द्वारा हत्या है।

## मनमोहन सिंह की अस्थि विसर्जन में नहीं पहुंचा गांधी परिवार

### बीजेपी ने बोला हमला, कहा- कांग्रेसी सिर्फ फोटो खिंचाने पहुंचते हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद अब उनकी अस्थि विसर्जन पर राजनीति शुरू हो गयी है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर पूर्व प्रधानमंत्री के अस्थि विसर्जन का वीडियो साझा किया।



इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा ने दावा किया कि सिंह के अस्थि विसर्जन पर कांग्रेस का कोई भी नेता शामिल नहीं हुआ। बता दें, दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियां विसर्जित की गयी। कांग्रेस ने एक्स पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के साथ पार्टी ने लिखा, आज भारत मां के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गईं। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसको लेकर अफसोस जताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियां विसर्जित किए जाने के समय गांधी परिवार से कोई मौजूद नहीं था।

सिरसा ने कहा, यह हम सभी के लिए दुखद क्षण है। हालांकि, यह सच है कि आज (सिंह की अस्थियां विसर्जित करने के दौरान) गांधी परिवार से कोई भी सदस्य वहां मौजूद नहीं था। आज, जब कैमरा नहीं था, तो कांग्रेस से कोई भी वहां मौजूद नहीं था। यह दुखद बात है। मनमोहन सिंह का बहुत सम्मान किया जाता है।

### तस्करी की जा रही 55 लाख की शराब बरामद

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले की जैत थाना क्षेत्र एवं स्वाट टीम पुलिस के संयुक्त प्रयास से रविवार को जैत थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाईवे 19 के जैत कट के पास एक बन्द बॉडी के ट्रक से लगभग 55 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। यह शराब हरियाणा से छत्तीसगढ़ के लिए तस्करी की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे को आशंका है कि इस तस्करी में तस्करों का एक सुनियोजित गिरोह शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके सफल अनावरण के लिए टीमें भी लगा दी गई हैं।पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर हरियाणा की तरफ से आ रहे एक बन्द बॉडी के ट्रक को जब वाहन चेकिंग के दौरान रोका गया तो पाया गया कि इसके अन्दर हरियाणा की बनी शराब रखी हुई है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsaApp करें।

9935781155, 9415052283


## नए साल में उत्तर भारत में पड़ेगी कड़ाके की ठंड

### यूपी में 6 डिग्री गिरेगा पारा, शीतलहर की भी चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने नए साल को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने बताया है कि 30 दिसंबर से उत्तर पश्चिम भारत में शीतलहर चलने वाली है। यानी कि नए साल के मौके पर ठंड बढ़ने जा रही है। साथ ही, अगले दो से तीन दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में घने से बहुत घना कोहरा देखने को मिलने जा रहा है। यूपी में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान आदि राज्यों में शीतलहर की चेतावनी दी गई है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहुत घना कोहरा देखने को मिला है। इसके अलावा, उत्तराखंड में तेज बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले साल छह जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत का मौसम बदल जाएगा, क्योंकि एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दस्तक देने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू कश्मीर, लद्दाख में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री से नीचे चल रहा है, जबकि उत्तर पश्चिम भारत के बाकी राज्यों में यह 6-12 डिग्री सेल्सियस के बीच में बना हुआ है। आज मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान राजस्थान के सीकर जिले में 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी राजस्थान में यह तीन से छह डिग्री सेल्सियस कम हो गया है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, पश्चिमी मध्य प्रदेश में मिनिमम टेम्प्रेचर औसत से ज्यादा चल रहा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आने वाली है। अगले पांच दिनों में यह चार से छह डिग्री सेल्सियस कम हो जाएगा, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान में अगले तीन दिनों तक तीन से चार डिग्री सेल्सियस तापमान में कमी आएगी।



# गोल्ड मेडल व स्टेट लेबल के खिलाड़ियों को दीपक सिंह ने किया सम्मानित

## योगी सेवक दीपक सिंह ने 2027 से पहले पनियरा को तहसील बनाने का किया दावा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** पनियरा विधान सभा के भाजपा नेता दीपक सिंह ने रविवार को कृष्णा लान मुजुरी में एक कार्यक्रम के दौरान ताइक्कांडो खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता दीपक सिंह ने ताइक्कांडो खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिभा के छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा और आध्यात्मिक विकास के लिए तैयार किया जाता है।

ओलंपिक में यह एक पूर्ण खेल के तौर पर शामिल किया गया है।इस खेल से महिला सशक्तिकरण को बल मिलता है जिससे महिलाएं स्वयं



अपनी सुरक्षा कर सकती हैं और योगी सेवक दीपक सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 2027 से पहले पनियरा को तहसील के रूप में सौगात मिल जायेगा और उन्होंने कहा कि इस बात को हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से पनियरा को तहसील बनाने के संबंध में चर्चा भी किया है। ताइक्कांडो के कोच रामनारायण चक्रवर्ती, सिद्धांत कुमार आशुतोष कुमार (स्टेट चैंपियनशिप खिलाड़ी), अनुराग राज गोड़, अमित कुमार गोड़ ,आदित्य मौर्य,मान्सू, कविता सिंह, रोशनी सहानी,तन्नू, अनामिका को योगी सेवक दीपक सिंह ने किया सम्मानित। इस दौरान सम्मान समारोह में मौजूद काशीनाथ सिंह, मनोज प्रधान,अमरजीत निषाद, अजय सहानी, विजय सिंह, आनंद सिंह, सूरज, अर्जुन मौर्य,मोहन, सीपीएन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकारों का सम्मान हमारा अधिकारः सुदेश मोहन श्रीवास्तव




शकुन टाइम्स संवाददाता

**आनन्दनगर/महराजगंज।** पत्रकारों का सम्मान हमारा अधिकार एवं उनके दायित्वों को स्पष्ट करने की आवश्यकता होती है। उक्त बातें बार एसोसिएशन फरेंदा के पूर्व अध्यक्ष /प्रबंधक/ वरिष्ठ पत्रकार सुदेश मोहन श्रीवास्तव ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम के दौरान अपने आवास पर रविवार को पत्रकारों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि पत्रकार सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक समाज को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सूचनाओं को मुक्त प्रवाह और खुद की सुरक्षा के दृष्टिगत सामाजिक विकास एवं खुद की सुरक्षा के बगैर जान जोखिम में डालकर समाज में घटी -घटनाओं तथा सटीक जानकारी प्रदान करतें हैं।वरिष्ठ पत्रकार विशुन देव त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हैं और उनके प्रति सुरक्षा की कानून मुहैया सरकार द्वारा बनाया जाए। पत्रकार हर परिस्थिति में अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का पालन करते हैं।इस दौरान सुनील पाण्डेय, राहुल सिंह,विनय श्रीवास्तव,बीएल मौर्या, आर के यादव, वैभव सिंह, देवा नन्द यादव, शिवदयाल गिरी सहित अन्य पत्रकारगण मौजूद रहें।

# संक्षिप्त सामाचार

## पुलिस ने तीन फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले की थाना ललिया पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी अलग-अलग मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। ललिया प्रभारी निरीक्षक बृजानन्द राय ने बताया कि जान से मारने का प्रयास एवं गैंगस्टर एक्ट में इस्लाम पुत्र अलीरजा निवासी झांगीडीह, ईसी एक्ट में रक्षाराम पुत्र रामरुप निवासी झरिहरडीह व लापरवाही से किसी की मौत होने के मामले में राजेन्द्र प्रसाद पुत्र अंगनू निवासी लालपुर कंजेभरिया वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है।

## अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र अन्तर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की लाश उसके कमरे में फंदे से लटकी पाई गई। पिता की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर निवासी श्यामू (22) पुत्र गंगाराम शनिवार देर शाम को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता गंगाराम दरवाजा खटखटाने लगे। लेकिन अन्दर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर पिता को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने रमवापुर पुलिस चौकी की पुलिस को सूचित किया।

## शांति भंग के आरोप में 10 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अपराधियों की धर-पकड़ अभियान में जिला पुलिस ने शांति भंग के आरोप में 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।एसपी कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार निरोधात्मक कार्यवाही में जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थानाक्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इसी तरह से वाहन चेकिंग में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियर/चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 27 वाहनों का मोटर ई-चालान कर 58,500/- का शमन शुल्क वसूल किया गया। जबकि पैदल गस्त में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी भिनगा/इकौना/जमुनहा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा कस्बा/क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

## शिकायत कर्ता ही निकला चोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** ई-रिक्शा बैटरी चोरी होने का फर्जी मुकदमा लिखाकर इंश्योरेंस का लाभ लेने का प्रयास करने वाले शिकायतकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी की दोनों बैटरी भी पुलिस ने बरामद की है। क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय ने बताया कि पहलवारा निवासी गोलू यादव पुत्र बंशीलाल ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के कल बीती रात भट्ठा के पास से ई-रिक्शा की दो बैटरी व एक मोबाइल चोरी होने का तहरीर दिया था।

शिकायतकर्ता की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात में चोरी का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि गोलू यादव ने भीखपुर रोड चकवा कल्ला भट्ठा निकट बालाजी ट्रेडर्स के पास चोरी की बैटरी को छिपा रखा है।

# पुल से आमी नदी में कूद गई महिला, होमगार्ड ने बचाई जान

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** खजनी इलाके में एक महिला ने छताई पुल से आमी नदी में कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। महिला के इस कदम को देख पास में ही तैनात होमगार्ड चंद्रकेश ने तुरंत नदी के किनारे दौड़कर उसकी ओर हाथ बढ़ाया। इसी दौरान, दो स्थानीय युवकों ने भी मदद के लिए मौके पर महिला को नदी से बाहर निकाला गया और फिर उसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे की है। महिला पुल पर टहलने आई थी, लेकिन अचानक उसने आमी नदी में कूदने का निर्णय लिया। नदी में कूदते हुए महिला को देख कर होमगार्ड जवान चंद्रकेश ने तुरंत शोर मचाया। इसके बाद, पास ही से गुजर रहे दो स्थानीय युवक दौड़े और होमगार्ड के साथ मिलकर महिला को पानी से बाहर निकालने में मदद की। महिला को तत्काल खजनी क्का।ष्ट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया और कहा कि उसकी जान अब खतरे से बाहर है। महिला की पहचान बेलघाट निवासी संतोष की पत्नी रिंकू देवी के रूप में हुई। महिला को बचाने के प्रयासों में होमगार्ड चंद्रकेश की सूझबूझ और युवकों की तत्परता की काफी सराहना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रिंकू देवी ने पारिवारिक कलह के कारण यह कदम उठाया हो सकता है। हालांकि, यह जानकारी अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है और मामले की जांच कर रही है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि महिला ने अपनी जान देने के प्रयास के पीछे कुछ मानसिक दबाव और घरेलू विवाद हो सकते हैं।

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के दिग्विजय नाथ चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर से 258 मरीज हुए लाभान्वित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय बालापार के दिग्विजयनाथ चिकित्सालय में आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 258 पीड़ित लाभान्वित हुए । नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर और गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखपुर द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्डियक सर्जन और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. भाबातोष विश्वास और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह , कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव , गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ हिमांशु दीक्षित और नर्सिंग



प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा ने गुरु गोरक्षनाथ जी के मूर्ति पर पुष्प अर्पण और मंगलाचरण कर किया। नेत्र सर्जन डॉ. संतोष तिवारी एवं डॉ. रेनू गुप्ता के नेतृत्व में मरीजों की नि:शुल्क जांच कर नि:शुल्क नेत्र शल्य और नि:शुल्क दवायें प्रदान किया गया । नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के उद्घाटन पश्चात अतिथि डॉ. भाबातोष विश्वास और कुलपति प्रो सुरिंदर सिंह ने गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के आई .सी. यू , डायलिसिस, ब्लड यूनिट विभाग , फार्मेशी यूनिट के व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। सभी यूनिट्स का निरीक्षण करने के बाद मेडिकल टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के प्रति कृत संकल्पित है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है मरीजों की सेवा ईश्वरीय सेवा के भाव से करे। जिससे यहां आने वाला हर मरीज स्वास्थ्य लाभ लेकर जाए। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने उन्हें बताया कि लाइव आसीयू सेवा के लिए मेदांता हॉस्पिटल भी गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज से जुड़ चुका है। इस मेडिकल कालेज में क्रिटिकल मरीजों के उपचार प्रारंभ है। साथ ही 24 घंटे सर्जरी इमरजेंसी भी संचालित है। कुलपति ने बताया कि बीते कुछ दिनों में यहां जटिल कैंसर की दो सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। इसके साथ ही यहां 18 बेड की डायलिसिस यूनिट भी संचालित है। डॉ डॉ. भाबातोष विश्वास ने चिकित्सालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हॉस्पिटल उच्च स्तरीय चिकित्सक उपकरण से लैस है । लगातार डॉक्टर्स मरीजों के लिए उपलब्ध है और त्वरित समर्पण भाव से मरीजों की सेवा कर रहे हैं।

# वृद्धजनों की सेवा करने से मिलती है अपार खुशियांः उज्जवला चौधरी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**आनन्दनगर/महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की माता व जिले की प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष उज्जवला चौधरी का 86 वें जन्म दिवस पर फरेंदा में स्थित वृद्धाश्रम में समारोह पूर्वक मनाया गया।वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए शौचालय का लोकार्पण एवं शिलान्यास की। तत्पश्चात उन्होंने सभी वृद्धजनों को सम्बोधित करते हुए कहीं कि अपना जन्म दिन मनातें हुए।

मुझे अत्यन्त खुशी बुजुर्गों के साथ मिलतीं है, लेकिन साथ ही साथ उन्होंने एक दु:ख व्यक्त किया और कहीं कि अपने घर बेदखल होने से वृद्धजनों को दूर निर्वासित जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। वृद्धजनों



के दु:खों को अपना दर्द समझीं और इस बीच उन्होंने ठंड से बचने के लिए वृद्धजनों को कम्बल वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त की। वृद्धाश्रम के प्रबंधक प्रदीप कटियार ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया और स्वागत में स्मृति चिन्ह भेट किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवेंद्र सिंह चौधरी,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल , रविन्द्र शुक्ल , सभासद मुकेश सिन्धी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट से लोग हुए सक्रीय

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अपने तयशुदा वक्त के मुताबिक अगले साल नवंबर-दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बतादें कि कोरोना त्रासदी की वजह से गत 2020 की जगह अप्रैल-मई 2021 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराए गए थे जिसमें तय समय से 6 महीना का विलंब हुआ था पंचायती राज विभाग से मिल रही जानकारी के मुताबिक वन नेशन वन इलेक्शन से परे होने वाले पंचायत चुनाव प्रधान पद, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के चुनाव को अब एक समान करवाया जाएगा। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख का चुनाव चुने गए सदस्यों के स्थान पर जनता द्वारा कराए जाने पर भी विचार विमर्श किया जा रहा है। विचार विमर्श पश्चात ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों के भाग्य का फैसला भी जनता की मुट्ठी में देने की योजना है। उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव में लोगों का उत्साह अलग ही देखने को मिलता है प्रधान पद के अक्सर लोग दावेदार बनते हैं और चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं ऐसे में कहीं ना कहीं आरक्षण व्यवस्था भी लोगों के अरमानों पर पानी फेर देती है। चुनाव लड़ने की बीते 5 वर्षों से लगातार तैयारी करने वाले लोगों की तैयारी धरी की धरी तब रह जाती है जब आरक्षण लागू होता है। ऐसी परिस्थितियों में लोग अपना समर्थित आरक्षित प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार देते हैं और चुनाव जीतने के बाद प्रधान ना रहते हुए भी प्रधानी का पूरा आनन्द लेते हैं। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरकारी तंत्र सक्रिय होने लगा है अगले वर्ष 2025 में जुलाई-अगस्त माह के महीने में पंचायत चुनावों की तारीखों की घोषणा किए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने बरामद की अवैध लकड़ी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**परतावल/महाराजगंज।** परतावल-पनियरा मार्ग पर ट्रक पर लदी अवैध शीशम और सागौन की लकड़ी को वन विभाग व पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा पकड़ी गई। 28 व 29 के मध्य रात्रि मे आरटी सेट पर मिले सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी परतावल उ0नि0 मनीष पटेल व अन्य पुलिस कर्मीयो द्वारा हरपुर से परतावल के तरफ जा रही लकड़ी लदी ट्रक क्क 53 श्वज्ञ 8875 जो त्रिपाल से ढकी हुयी थी जिसे परतावल पनियरा मार्ग पर रोककर चेक किया तो अवैध लकड़ी लदी ट्रक चालक-

बृजमोहन चौहान पुत्र गोरख चौहान निवासी प्रेमनगर पिपरा थाना कसया जनपद कुशीनगर व सहकर्मी संजय पाण्डेय पुत्र दीनानाथ पाण्डेय निवासी सुहिला कैम्पियरगंज थाना



कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर से वैध कागजात मांगने पर नही दिखा सके। उसी ट्रक का पीछा करते हुए वन विभाग परतावल के रेंजर विजय कुमार मौर्य टीम के साथ आये नियमानुसार वाहन व माल सहित चालक बृजमोहन उपरोक्त व सहकर्मी संजय पाण्डेय उपरोक्त के विरुध्द रेंजर परतावल द्वारा विधिक कार्यावाही की गई।

# नौतनवा-गोरखपुर-नौतनवा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचलन 13 से

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुयों की सुविधा हेतु 05016/05015 नौतनवा-गोरखपुर-नौतनवा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचलन नौतनवा से 13 से 22 जनवरी, 2025 तथा गोरखपुर से 14 से 23 जनवरी, 2025 तक 10 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05016 नौतनवा-गोरखपुर अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 13 से 22 जनवरी, 2025 तक* नौतनवा से 20.50 बजे प्रस्थान कर बरवा कलां हाल्ट से 20.59 बजे, नईकोट से 21.05 बजे, भागीरथपुर से 21.11 बजे, लक्ष्मीपुर से 21.22 बजे, झामट से 21.36 बजे, पुरन्दरपुर से 21.41 बजे, लोक विद्यापीठ नगर से 21.48 बजे, आनन्द नगर से 22.30 बजे, लोहरपुरवा से 22.36 बजे, कैम्पियरगंज से 23.05 बजे, राम चौरा से 23.18 बजे, महावनखोर हाल्ट से 23.23 बजे, रावतगंज से 23.28 बजे, पीपीगंज से 23.35 बजे, कौडिया जंगल से 23.43 बजे, मानीराम से 23.52 बजे तथा नकहा जंगल से 00.00 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 00.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05015 गोरखपुर-नौतनवा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 14 से 23 जनवरी, 2025 तक गोरखपुर से 02.30 बजे प्रस्थान कर नकहा जंगल से 02.47 बजे, मानीराम से 02.56 बजे, कौड़िया जंगल से 03.03 बजे, पीपीगंज से 03.11 बजे, रावतगंज से 03.16 बजे, महावनखोर हाल्ट से 03.21 बजे, राम चौरा से 03.26 बजे, कैम्पियरगंज से 03.35 बजे, लोहरपुरवा से 03.42 बजे, आनन्द नगर से 03.50 बजे, लोक विद्यापीठ नगर से 03.58 बजे, पुरन्दरपुर से 04.04 बजे, झामट से 04.09 बजे, लक्ष्मीपुर से 04.18 बजे, भागीरथपुर से 04.25 बजे, नईकोट से 04.31 बजे तथा बरवा कलां हाल्ट से 04.37 बजे छूटकर नौतनवा 05.15 बजे पहुँचेगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**श्रावस्ती।** नेशनल हाइवे- 730 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीररूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। वहीं एक स्कार्पियो साइकिल सवार का बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खड्डु में पलट गई जिसमें सवार लोग बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार इकौना नगर पंचायत के मोहल्ला महावीर नगर निवासी सौरभ पाण्डेय (30) इकौना तहसील गेट के सामने कंप्यूटर की दुकान करता है। शनिवार देर शाम को वह दुकान बंद करके बाइक से बलरामपुर लैपटॉप खरीदने गया था। वहां उसे लैपटॉप नहीं मिला और वह देर रात को घर वापस आ रहा था। इस दौरान नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र यूपीटी होटल के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सौरभ गंभीररूप से घायल हो गया। लोगों की ओर से एंबुलेंस से घायल को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

# 'फार्मर रजिस्ट्री' के जरिये किसानों का त्वरित लाभ चाहती है यूपी सरकार

## गांवों में कैम्प लगाकर ताबड़तोड फार्मर रजिस्ट्री करने में जुटे तहसीलदार हैदर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण किसान भाइयों के लिए एक योजना चलाई जा रही है जिसे 2 दिन में पूरा करने का टारगेट दिया गया है। तमाम सरकारी मिशनरी इस टारगेट को पूरा करने के लिए जुट गई है। तहसीलदार पैगाम हैदर ने आज ताबड़तोड़ कई ग्राम पंचायत में कैम्प किया और किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि सरकार से आने वाली तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब इसी फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान भाइयों को दिया जाएगा।

बतादें कि सरकार की योजना के मुताबिक फार्मर रजिस्ट्री किसानों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है कि किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पाने के लिए सरकार ने जटिलता को



आसानी में बदल दिया है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान भाइयों का आईडी कार्ड बनेगा, इसके जरिए उन्हें दैनिक जीवन में सुगमता और सरलता महसूस होगी। अपनी फसल को बेचने के लिए फसल का सत्यापन कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसान अपना आईडी कार्ड दिखाकर अपनी फसल का विक्रय आसानी से कर सकेंगे। तहसीलदार पैगाम हैदर ने लोगों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराना बहुत जरूरी है इस काम को महज दो दिन के अंदर निपटालें। उत्तर प्रदेश में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की जा रही है इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट किसान आईडी बनेगी जिसका उद्देश्य किसान की पहचान एवं उनसे जुड़ी योजनाएं तथा उनकी जानकारी सुरक्षित रखना होगा।

**फार्मर रजिस्ट्री के लाभ---**
कृषि उत्पादकों को सुविधाजनक वितरण करना एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर किसानों तक पहुंचाना एवं उसे सुगम बनाना है। किसानों के कृषि ऋण का त्वरित वितरण हो सके इसके लिए किसान आईडी कार्ड का भी जारी करना बताया गया है।

**फार्मर रजिस्ट्री करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज---**
फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, खसरा या खतौनी की छाया प्रति और आधार कार्ड से लिंक किया हुआ मोबाइल नंबर जरूरी है।

**फार्मर रजिस्ट्री के लिए इनसे करें संपर्क---**
तहसील में आसानी से उपलब्ध होने वाले राजस्व विभाग के लेखपाल, कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, बीटीएम, एटीएम, जन सेवा केंद्र, सेल्फमोड, सीएससी सेंटर शामिल हैं। जहां किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र और आसानी से करा सकते हैं।

जनपद शाहजहांपुर की तहसील जलालाबाद में 35000 फार्मर रजिस्ट्री करने का टारगेट दिया गया है जिसका लगभग 25 प्रतिशत कार्य आज पूर्ण कर लिया गया है इस काम को सौ प्रतिशत करने के लिए जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय अधिकारियों को दो दिन का समय दिया है। फार्मर रजिस्ट्री का सीधा संबंध किसान सम्मन निधि से भी बताया गया है।

किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करने में किसी प्रकार की असुविधाना ना हो इसके लिए क्षेत्र के सभी जन सेवा केन्द्रों को सक्रीय कर दिया गया है खाद बीज केन्द्रों एवं किसान एप व पंचायत सहायकों को भी एक्टिव किया गया है। ताकि शीघ्र किसान रजिस्ट्री कराई जा सके। इसके लिए अधिकारियों ने ताबड़तोड़ ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप करना शुरू कर दिए हैं।

## नौकरी के नाम पर 8.20 लाख की ठगी, तीन पर केस

**वाराणसी।** सदर तहसील में सुपरवाइजर पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर दो लोगों से 8.20 लाख की ठगी में सिगरा पुलिस ने चंदौली और रोहनिया के दो युवकों पर केस दर्ज किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है।

शिवपुरवा के निराला नगर निवासी राजेश कुमार चौरसिया ने कोर्ट में शिकायत की थी। बताया कि रोहनिया के अवलेशपुर निवासी बालेश्वर शर्मा, चंदौली के डेढ़गांवा निवासी प्रवीण सिंह ने बेटे आयुष चौरसिया की नौकरी लगवाने का वादा किया था। इसके लिए 4.50 लाख रुपये मांगे थे। कई किस्त में रुपये दोनों को दिया। इस बीच कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लग गया। स्थिति सामान्य होने पर जब नौकरी लगवाने को कहा तो दोनों टाल-मटोल करने लगे। पैसा मांगने पर एक चेक दिया। जबकि जिस खाता नंबर का चेक दिया था, वह बंद हो गया था।

# उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल ने मेधावियों का किया सम्मान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गौराबादशाहपुर / जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की गौराबादशाहपुर इकाई ने रविवार को कस्बा स्थित दया मैरिज हाल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें इलाके के विभिन्न स्कूलों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 35 मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।

अतिथियों ने मेधावियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और एक गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू ने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही सफलता की मंजिल पायी जा सकती है। समारोह को विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री आरिफ हबीब खान, जिला संगठन मंत्री अब्दुल हक अंसारी, नगर अध्यक्ष जौनपुर घनश्याम साहू, विवेकानंद राय अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर के किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। अध्यक्षता मौलाना मुमताज अहमद कासमी तथा संचालन धनंजय राय अर्जुन ने किया। संयोजक व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह व महामंत्री मुहम्मद इकराम अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, वीरेंद्र गुप्त, सुजीत जायसवाल, तारा त्रिपाठी, दिनेश कुमार डीके, कलीमुल्लाह अंसारी, अमीक अंसारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गयी।

## मन की बात में पीएम ने एफपीओ को किया प्रोत्साहित

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात में कालाहांडी (ओडिशा) के एफपीओ के जरिए पूरे देश के कृषक उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कालाहांडी के किसान कैसे सब्जी उत्पादन खासतौर पर टमाटर की पैदावार के जरिए करोड़ों का टर्नओवर कर रहे हैं। इससे जनपद के करीब 100 से ज्यादा एफपीओ में ऊर्जा का संचार हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात के 117वें एपिसोड को बूथवार सूना। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने सुंदरपुर, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने महमूरगंज की राजन शाही कॉलोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कंचनपुर, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय और पूर्व विधायक जगदीश पटेल ने प्रधानमंत्री के संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय में प्रसारण सुना।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

शकुन टाइम्स संवाददाता


**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में जिला उद्योग बंधु की बैठक सीडा सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए जिससे जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके।

इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सीड़ा परिसर में बाउंड्रीवाल, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति आदि विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने महाकुंभ 2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु उद्यमियों को भी सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने होल्डिंग एरिया बनाए जाने के दौरान सहयोग करने की अपील की जिससे महाकुंभ पर्व को जनसहयोग से सम्पन्न कराया जा सके। निवेश मित्र पर लंबित प्रकरण को शून्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एमओयू की विभागवार समीक्षा करते हुए अद्यतन प्रगति कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री युवा सेशन महत्वाकांक्षी योजना है, सभी संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि तत्काल कार्यवाही करते हुए पोर्टल पर आवेदन सुनिश्चित कराए जिससे न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि जनपद में युवाओं द्वारा अधिकाधिक सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर भू राजस्व अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, उद्यमीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर बम्बे में गिरी कार, बाल बाल बचे कार सवार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कासगंज।** अमापुर कोतवाली क्षेत्र के सिढपुरा रोड पर स्थित बाछमई पुल पर एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर बम्बे में गिर गई। गनीमत यह रही की इस हादसे में में कार सवार लोगों के मामूली चोट आई। वहीं राहगीरों ने घटना की जानकारी इलाका पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को कार से बाहर निकाला। बताया जाता है कि जनपद एटा के थाना मिरहची क्षेत्र के गांव अंचलपुर निवासी राकेश पुत्र नेत्रपाल, अपने साथी हरिओम पुत्र हेम सिंह के साथ स्विफ्ट डिजायर कार द्वारा सिढपुरा अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे।

जैसे ही उनकी कार अमापुर थाना क्षेत्र के बाछमई पुलिया पर पहुंची, तभी पुल पर तींब्र मोड़ होने की बजह से कार अनियंत्रित होकर बम्बे में जा गिरी। वहीं पुल से होकर गुजर रहे अन्य लोगों ने इस हादसे की सूचना अमापुर पुलिस को दी। जंहा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार लोगों को सुरक्षित कार से बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस बम्बे में गिरी कार को जैसीवी की मदद से बाहर निकला। आपको बतादे इससे चार दिन पहले भी एक कार अनियंत्रित होकर इस पुल से बम्बे में गिरी थी।

## राष्ट्रवाद के विचारधारा के साथ सामाजिक गतिविधियों में युवाओं की बढ़े भूमिका: अवनीश सिंह

- एबीवीपी के प्रांत अधिवेदन में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाएं गए अवनीश
- बोले छात्रों को सही दिशा देना और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण करना ही मूल काम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 64वां प्रांत अधिवेशन कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) में बीते 25 दिसंबर से 28 दिसंबर के बीच आयोजित हुआ। जिसमे हरहुआ नगर के नगर मंत्री अवनीश सिंह को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत का प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिस दौरान अवनीश सिंह (अन्नू) ने कहां की अब युवाओं के बीच और सक्रियता से कार्य करना है, उनमें राष्ट्रवाद का अलख जगाना ही मेरा संगठन के प्रति मूल कर्तव्य होगा। इसी के साथ साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी युवाओं की भूमिका सुनिश्चित हो ऐसा प्रयास होगा। उन्होंने कहां की स्थापना काल से हीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देश व्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। आज इस संगठन से जुड़े रहे लोग समाज-जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

## शायर रहबर जौनपुरी की याद में काव्य गोष्ठि का हुआ आयोजन

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अर्पित की गई श्रंद्धाजलि

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला सिपाह स्थित जामिया मोमिना लिल बनात के उर्दू हॉल में मशहूर शायर रहबर जौनपुरी की याद में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन उस्ताद शायर इबरत मछली शहरी की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें जिले भर से आए हुए कवियों ने अपनी कविताएं कहीं,इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज अब्बास की तिलावत से हुआ जबकि पैगम्बर मोहम्मद की शान में नात पाक का नज़राना रौनक़ जौनपुरी ने पेश किया। रहबर जौनपुरी के पुत्र अंसार जौनपुरी ने अपने पिता की ग़ज़ल को प्रस्तुत करके सबको मनमुग्ध करदिया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रहे मज़हर आसिफ ने रहबर जौनपुरी को याद करते हुए कहा कि आप बड़े ही मिलनसार व्यक्ति थे,उन्होंने अपना पूरा जीवन उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार में गुजारा,आपकी कविताओं और किताबों पर अगर बात की जाए तो दिन कम पड़ सकते हैं,आपकी कविताएं सामाजिक और देश भक्ति एवं मुल्क की गंगा जमुनी तहज़ीब की झलक पेश करती थीं।

## संक्षिप्त सामाचार

### समूह की महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन के टिप्स दिए

**वाराणसी।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से रविवार को काशीपति लॉन सरायकाजी में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर ग्राम संगठन के पदाधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने महिलाओं को मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि का अधिक से अधिक लेनदेन करते हुए रोजगार बढ़ाने, पुस्तकों के रखरखाव, ऋण वसूली, ऋण देते समय रखी जाने वाली महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन धीरज श्रीवास्तव तथा संतोष आदि रहे।

### घर के दरवाजे पर बैठे भाईयों को मनबढ़ो ने पीटा

**जौनपुर।** जौनपुर लाइनबाजार थाना क्षेत्र के शिवापार गांव में शनिवार को घर के सामने बैठे हुए युवक व उसके चचेरे भाई को गांव के ही मनबढ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। गांव निवासी लकी यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को वह और उसका चचेरा भाई प्रिंस यादव अपने दरवाजे पर बैठकर बातचीत कर रहे थे।इतने में ही गांव के चार मनबढ़ युवको ने आकर उन्हें गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया।दोनो किसी तरह दोनो घर के अंदर भाग कर अपनी जान बचाई।

### सेवा संस्थान ने जरूरतमंदों में बांटा कम्बल

**जौनपुर।** जौनपुर स्थानीय बाजार के चौराहा स्थित चंद्रकेश्वर महादेव परिषर में रविवार दोपहर थाना प्रभारी बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में अखिल भारतीय चंदवक सेवा संस्थान ने लगभग दो सौ असहाय लोगों को कम्बल वितरित किया।

संस्था पिछले कई सालों से निस्वार्थ समाज सेवा करती आ रही है। समय समय पर सार्वजनिक,धार्मिक स्थानों की साफ सफाई के अलावा उचित जगहों पर अलाव की समुचित ब्यवस्था करना कार्यकर्ताओ ने अपना लक्ष्य बना लिया है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# सर्दी से बचाव हेतु लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने जरूरतमंदों को किया रजाई वितरण

### सायमा खान की स्मृति में ज़रूरतमंदों को रजाई वितरित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा स्वर्गीय सायमा ख़ान की स्मृति में जरूरतमंद और बेसहारा लोगो को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाते हुए रजाई वितरित किया गया। भंडारी रेलवे स्टेशन के निकट शकील अहमद के कैम्प कार्यालय पर आयोजित रजाई वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दिनेश टंडन व लायन्स सदस्यों ने अपने हाथो से लगभग 150 ज़रूरतमंद लोगों को रजाई प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि सायमा खान की स्मृति में बढ़ती ठंड से लोगों को बचाने व राहत पहुंचाते हुए जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशियां लाने का एक बेहतर प्रयास है। इस तरह के कार्य में भागीदारी निभाने से मन को शांति मिलती है। दिनेश टंडन ने लायन्स क्लब जौनपुर मेन की सराहना करते हुए कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना ही बहब पुण्य का काम है। ठंड से राहत दिलाने में रजाई बहुत सहायक होगी।

संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से ग़रीब, बेसहारा व ज़रूरतमंद लोगो को चिन्हित कर उन्हें रजाई प्रदान की जा रही है। इधर कंबल मिलने के बाद लाभुक काफी खुश दिखे उन्होंने कहा इससे इन्हे काफी राहत महसूस हो रही हैं। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। संयोजक शकील अहमद ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सै मो मुस्तफा, कोषाध्यक्ष राम कुमार साहू, डा मदन मोहन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, सोमेश्वर केसरवानी, परमजीत सिंह, लखन श्रीवास्तव, मदन गोपाल गुप्ता, नीलू सेठ, अरूण त्रिपाठी, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमिका के जहर खाने से आहत प्रेमी ने फंदा लगाकर दी जान

**जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने परिजनों की डांट से नाराज होकर सिंदूर तेल में मिलाकर पी ली। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिवार के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, यह बात जैसे ही प्रेमी को पता चली तो वह अस्पताल पहुंचा और देखने के बाद लौटते ही फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शाहगंज के एक गांव में एक किशोरी व एक किशोर के बीच काफी दिनों से प्रेम चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। नाबालिग होने के कारण परिवार के लोग विरोध भी कर रहे थे। बताया गया कि इसी बीच दो-तीन दिन पहले प्रेमी ने प्रेमिका के मोबाइल पर कोई अश्लील वीडियो भेजा।

# सांसद पाल ने अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का किया लोकार्पण

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत चैनपुर तिराहा पर स्थापित अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु आरती देवी जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा लोकार्पण किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मा0 विधायक कपिलवस्तु तथा जिलाध्यक्ष भाजपा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पीडी डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी ने युनाइटेड नेशन में भारत का नेतृत्व करते हुए 21 जून को योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाने के लिए अपनी बात रखी, जिसे युनाइटेड नेशन द्वारा इसे स्वीकार करते हुए पूरे विश्व में योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया। आज जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत महात्मा गौतम बुद्ध की अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का लोकार्पण हुआ है। कपिलवस्तु में बाहर से आने वाले बौद्ध अनुयायी नमो योग मुद्रा देखकर योग के प्रति जागरूक होगे। आज का यह कार्यक्रम नगर पंचायत कपिलवस्तु की अध्यक्ष श्रीमती आरती देवी एवं सभासदों एवं नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियें द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने व अन्य सभी लोगो को शुभकामनाएं दी। मा0 सांसद डुमरियागंज ने कहा कि अब यह चौराहा नमो योग मुद्रा चौराहे के नाम से जाना जायेगा। विधायक कपिवस्तु श्यामधनी राही द्वारा मा0 अध्यक्ष कपिलवस्तु, सभासदगण, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु एवं अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने नगर पंचायत कपिलवस्तु द्वारा स्थापित की गयी नमो योग मुद्रा के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सांसद डुमरियागंज, विधायक कपिलवस्तु, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शुभकामनाएं दी। मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकानाये देते हुए कहा कि जनपद के विकास के लिए जनहित की समस्याओं को दिखाकर और उस पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है। इसके लिए समस्त प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सांसद डुमरियागंज, विधायक कपिलवस्तु, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आज जनपद अपनी स्थापना 36वीं वर्षगांठ मना रहा है। आज इस अवसर पर नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत नमो योग मुद्रा का लोकार्पण किया गया है। आने वाले समय में निरूिचत रूप से जनपद आकांक्षी जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद की श्रेणी मे शामिल होगा। नमो योग मुद्रा के लोकार्पण के अवसर पर सभी बधाई और शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने नमो योग मुद्रा के लोकार्पण के अवसर पर पूरे पुलिस परिवार की ओर बधाई और शुभकामनाएं दी। स्वागत सम्बोधन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह द्वारा गया। अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा मा0 सांसद डुमरियागंज, विधायक कपिलवस्तु, जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को नमो योग मुद्रा के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नियाज कपिलवस्तुवी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लोकसभा क्षेत्र प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, मुमताज अहमद, रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, पी.डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी न0प0 कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# कवि नंदा जी गहमरी को दी गयी श्रद्धांजलि

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गहमर।** स्थानीय गांव स्थित गोपालराम गहमरी सेवा संस्थान के प्रांगण में रविवार को संस्थान के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सिंह ऊर्फ नंदा जी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने नंदा जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में संस्था के वर्तमान अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप का जीवन साहित्य के लिए समर्पित रहा।

आपने अपने दम विभिन्न किताबों का न सिर्फ प्रकाशन किया बल्कि गहमर गौरव किताब का संपादन कर गहमर के इतिहास को समेटने का काम किया। आपके ही प्रयासों की देन रही कि संस्था ने कामाक्षी संदेश पत्रिका का कई वर्षों तक प्रकाशन किया। आपका जाना हम लोगों के लिए ऐसी क्षति है जिसकी भयपायी संभव नही है। उन्होंने ने सबसे आह्वान किया कि वह नंदा जी के अधूरे कार्यों को पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दें। बताते चले कि सत्यनारायण सिंह ऊर्फ नंदा जी का जन्म 14 जनवरी 1939 को गहमर के मधुकर राव मुहल्ले के रहने वाले सीताराम सिंह के पुत्र के रूप में हुआ था।

आपके पिता प्रथम विश्व युद्ध के सिपाही थे। आप 1958 से रीवा माइनिंग कम्पनी में टाइम कीपर के रूप में अपने जीवन की शुरुआत किया। आपका पत्रकारिता जीवन भी बेहद संघर्ष भरा था। आपने दैनिक जनबोध में सहायक संपादक से अपने पत्रकारीय जीवन की शुरुआत किया। आपका पहला काव्य संग्रह संतावन की ज्वाला वर्ष 1971 में प्रकाशित हुई, उसके बाद तो अल्ला-ईश्वर, कामख्या महात्म्य, दुर्गा चौसट्टी, मूल रामायण, श्री हनुमान चरित प्रकाशित हुई। आपके लिखित दो नाटक मकड़ी की जाली वर्ष 1968 में पुरस्कृत हुई। आपका नाटक मैगर सिंह 1957 के अमर सेनानी बहुत प्रसिद्व हुई। आपने राजपूत वंशावली और सिकरवार वंश, चौहान वंशावली, सीधी जिला पत्रिकारिता का इतिहास, अमर शहीद उमाशंकर लिख कर एक नया इतिहास बनाया। आपको अपने कार्यो के लिए साहित्य सरोज पत्रिका द्वारा साहित्य सरोज गहमर गौरव, विन्ध क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा पत्रकार-भूषण, म0प्र0 प्रदेश हिन्दी साहित्य संस्थान द्वारा काव्यरत्न सम्मान मिला था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गहमर बलबंत सिंह बाला, संस्था के पूर्व महामंत्री योगेन्द्र नाथ सिंह, साहित्य सरोज पत्रिका के संपादक अखंड गहमरी, वर्तमान महामंत्री ओमप्रकाश सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, फ़ज़ीहत गहमरी, निखिल सिंह, भाजपा नेता परिक्षित सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता गहमर इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक मार्कंडेय सिंह एवं संचालन कवि मिथिलेश गहमरी ने किया।

## ड्रग डीलर्स एसोसिएशन गाजीपुर के वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** ड्रग डीलर्स वेलफेयर सोसायटी गाजीपुर की आम सभा की कार्य शाला लहुरी काशी पैलेस चन्दन नगर में चेयरमैन अजय सर्राफ की अध्यक्षता में हुई जिसमें उत्तर प्रदेश केमिस्ट संघर्ष समिति के संयोजक श्री राजेन्द्र सैनी जी तथा श्री विभा शंकर जी एवं संस्थापक श्री रमेश माहेश्वरी जीऔर प्रवीण बाजपेई जी ने अपने अपने दवा व्यवसाईयो को समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गाजीपुर में प्रदेश के आस पास जिलों के भी पदाधिकारी शामिल होकरके अपने अपने विचार व्यक्त किए। सभा में संरक्षक अरविंद राय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी कोषाध्यक्ष आशिष राय संयुक्त मंत्री प्रदीप कुशवाहा के साथ साथ संगठन मंत्री धीरज गुप्ता आडिटर राम आशीष प्रजापति मिडिया प्रभारी सन्तोष राय सहित कई सम्मानित केमिस्ट पुरे जिले से उपस्थित रहे। ड्रग डीलर्स वेलफेयर सोसायटी गाजीपुर के सभी पदाधिकारी जीतने भी सम्मानित केमिस्ट भाई अपना कीमती समय निकाल कर आए सभी का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं।



# डीएम मैडम! जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पक्की नहर निर्माण

## घटिया सामग्री से किया जा रहा पक्की नहर का निर्माण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** करंडा क्षेत्र के चोचकपुर पंप कैनाल अंतर्गत आने वाली नहर लीलापुर गांव से पक्की बन रही है जिसमें घटिया सामग्री डालकर निर्माण किया जा रहा है। यह पक्की नहर निर्माण लीलापुर होते हुए अमवां, सिकंदरपुर, दामोदरपुर होते हुए आगे की तरफ निकल जाएंगी। मानक विहीन हो रहे नहर निर्माण को देखकर हर कोई ग्रामीण दंग हैं।

**योगी राज में इतनी हिम्मत, कि ऐसा भ्रष्टाचार**

भ्रष्टाचार को लेकर योगी सरकार सख्त है वहीं जिले की डीएम आर्यका अखौरी भी भ्रष्टचारियों पर सख्त कार्यवाही करती है लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो तू डाल डाल तो मैं पात पात का चरितार्थ करते नजर आते हैं। पक्की नहर निर्माण में घटिया



किस्म की ईंटें एवं सफेद बालू झोंककर धड़ल्ले से नहर का निर्माण किया जा रहा है।

**ठेकेदार और जेई के मिलीभगत से चल रहा भ्रष्टाचार का खेल**

लोगों का कहना है कि ठेकेदार और जेई के मिलीभगत से ही यह भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है अब जरा आप भी सोचिए कि ऐसे ठेकेदार और जेई अधिकारियों और सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जेई संतोष कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि सब काम सही हो रहा है सफेद बालू और ईंट सब सही है।

**वर्जन**

मामले की जांच करवाता हूं दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी

**संजीव प्रताप सिंह,**
**अधिशासी अभियंता गाजीपुर**

**वर्जन**

मामले की जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी

**संतोष कुमार वैश्य,**
**मुख्य विकास अधिकारी**

## संक्षिप्त सामाचार

### ट्रक और जेसीबी की आमने-सामने टक्कर घंटों यातायात रहा बाधित

**जमानियां।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुईन स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने एनएच 24 पर रविवार की सुबह एलपीजी सिलेंडर लदी ट्रक सामने से आ रहे जेसीबी से टक्करा गई। संयोग अच्छा रहा कि भिड़ंत के बाद कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकरी के अनुसार प्रयागराज से एलपीजी सिलेंडर लेकर आ रही ट्रक का अचानक स्टेयरिंग फेल होने से सामने से आ रही जेसीबी में टक्कर मार दिया। जेसीबी चालक को अचानक ब्रेक लेने के कारण जेसीबी के पीछे से आ रही टेम्पो जेसीबी से टकरा गई।

हादसे में टेम्पो चालक को मामूली चोट आई। संयोग अच्छा रहा कि सिलेंडर लदा ट्रक नहीं पलटा अन्यथा सिलेंडरों में आग लगने बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर से सड़क के दोनों तरफ वाहनों का कतार लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे लगवाकर यातायात चालू कराया।

### शार्ट सर्किट से दो दुकानों में आग, लाखों का सामान राख

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के मुलायम नगर स्थित दो दुकानों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके कारण लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।पंखा, मीटर, एलईडी सहित कई उपकरण जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी दुकानदारों को रविवार की सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई। जिसके बाद अफरा तफरी मच गई। फेफना थाना क्षेत्र के निधरिया नई बस्ती निवासी अभिनव कुमार सिन्हा की मुलायम नगर एवं फेफना थाना के ही पकड़ी गांव निवासी नीरज कांत यादव की रवि इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान एक ही मकान में दुकान है। इसमें एसआर इंटरप्राइजेज नीचे एवं रवि इंटरप्राइजेज ऊपर है।

दोनों दुकानदार अपनी अपनी दुकान बन्दकर घर चले गए। इसी बीच शनिवार की देर रात बलिया- गड़वार रोड से कोई ट्रक गुजरा जो नीचे लटके विद्युत तारों को तोड़ते हुए चला गया। उधर, शार्ट सर्किट से दोनों दुकानों में पहले मीटर और इसके बाद पूरे वायरिंग में आग लग गई। जिसमें पंखा, एलईडी, इनवर्टर, बैटरी सहित लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए। रविवार की सुबह जब रवि इंटरप्राइजेज के मालिक नीरज कांत यादव दुकान खोलने पहुंचे तो नीचे स्थित एनसीबी को जला देख दौड़कर दुकान खोलने गए, जहां पूरा दुकान धुएं से भरा हुआ था।

### जमीन के विवाद में भिड़े दो पक्ष, पति-पत्नी समेत नौ घायल

**सिकंदरपुर।** थाना क्षेत्र के खरीद गांव में शनिवार की सुबह रामजीत यादव व मोती यादव के बीच विवादित जमीन में घूर (गोबर व राख आदि) रखने को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों से पति-पत्नी समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से 50 वर्षीय रामजीत, 20 वर्षीय निरंजन यादव, 45 वर्षीय सर्वजीत यादव, उनकी पत्नी 40 वर्षीय सुमन व 60 वर्षीय लमरी देवी तथा दूसरे पक्ष से 60 वर्षीय मोती यादव, 50 वर्षीय अक्षय, 24 वर्षीय रंजन व 22 वर्षीय वंदना घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अंतिम क्षणों में अपने शवाब पर पहुंचा धनुषयज्ञ मेला

**बलिया ।** अपने दामन में विविध संस्कृतियों को समेटे सुदिष्ट बाबा के धनुषयज्ञ मेले की रौनक अपने अंतिम दिनों में शबाब पर है। मेले की अवधि जैसे-जैसे अपने मुकाम की ओर आगे बढ़ रही है, मेलार्थियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

शनिवार को मेले में दर्शकों व खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। एक अनुमान के मुताबिक लगभग पचास हजार से अधिक लोगों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया और खरीदारी की। शुक्रवार को भी मेला घूमने और खरीदारी करने वाले लोग काफी संख्या में जुटे थे।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# आरोग्य मेले में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गहमर।** स्थानीय गांव के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्रत्येक रविवार की तरह सुबह 9 बजे से मरीजों के आने का क्रम शुरू हो गया। अस्पताल पर पहुंचे मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरित की गयी। अस्पताल पर मौजूद आयुष चिकित्सक अंकित सिंह सभी मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर दवा वितरित किये। रविवार को जन आरोग्य मेले में दोपहर 2 बजे तक 41 मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर दवा दी गयी। डॉक्टर अंकित सिंह ने बताया कि इस समय सर्दी जुकाम,खांसी,सांस,एलर्जी आदि के मरीज काफी आ रहे हैं। अस्पताल पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं।

# भुपौली मुख्य नहर मे पानी न छोड़े जाने किसान परेशान

## क्षेत्र के सभी माइनरो मे पानी नदारत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** नहर में पानी न आने से नहर के सहारे खेती करने वाले किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं नहर विभाग की ओर से अभी तक नहरों की सफाई करना भी मुनासिब नहीं समझा जिसके चलते शीघ्र नहरों में पानी आने की सम्भावना नजर नहीं आ रही है।

नहर में पानी न आने से किसान गेहूं, आलू एवं सरसों समेत अन्य फसलों की सिंचाई बाधित हो रही है। ऐसे किसान जिनके पास निजी नलकूप एवं समरसेबल की सुविधा है वह भले ही सिंचाई कर रहे हैं जबकि नहरों के सहारे खेती करने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भूपौली मुख्य नहर से लिंक अमिलाई माइनर, हुदहुदीपुर , रामगढ़ एवं बैराठ समेत कई माइनरों में धूल उड़ रही है। मरकनिया, पपैरा, खोनपुर, रानेपुर, मथेला, इटवा, बेलवानी, प्रभुपुर, भलेहटा, लोलपुर, कैलावार एवं सराय, मोहरगंज समेत कई गांवों के किसान किसी तरह गेहूं की बुवाई तो कर पाए हैं,लेकिन जी किसान किसी तरह गेहूं की बुवाई कर लिया है उन्हें अब सिंचाई के लिए माइनर में पानी आने का इन्तजार करना पड़ रहा है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान रामगढ़ निवासी रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की नहर मे पानी न आने से गेहूं, सरसो, अगेती मटर, आलू के फसल ख़राब हो रहे ये सिचाई विभाग की घोर लापरवाही है।



# हंसू राय वेलफेयर की ओर से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों में बाटा कंबल

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा।** इंटर कालेज सभागार में रविवार को हंसू राय वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से असहाय और गरीब 200 महिलाओ को कम्बल वितरित किया गया। ठंड के मौसम में कम्बल पाकर गरीबो के चेहरे खिल उठे।

और सभी ने हाथ उठाकर आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य आजमगढ़ अमरनाथ राय ने दीप प्रजल्वित कर किया। डायट प्राचार्य अमरनाथ राय ने कहा कि यह कम्बल दान नही है। यह एक सहयोग है। आप सब भी हमारा किसी न किसी रूप में सहयोग करते है। यह संसार एक दूसरे के सहयोग से ही चलता है। उन्होंने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है। हंसू राय वेलफेयर ट्रस्ट दशकों से यह सराहनीय कार्य करता आ रहा है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है।उन्होंने गरीब व बृद्ध असहाय महिलाओ को कम्बल अपने हाथों से ओढ़ाया।



वही विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार राय ने कहा कि समर्थ के अनुसार हर इन्सान को सेवा करना चाहिए। अगर सभी लोग ऐसा करने लगे तो सभी जरूरतमंद को मदद मिल जाएगी। इस मौके पर सीओ रघुराज, प्रेम कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कमलापति पाण्डेय, गीता सिंह, बिद्युत प्रकाश सिंह, दीक्षा अग्रहरि, सुरेंद्र कांत मिश्रा, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा सेठ, अलीम हाशमी, महेंद्र गोडसे, मनोहर, अनिल सेठ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार ने किया।

# सेवार्थ विद्यार्थी के प्रदेश सह संयोजक बने गोविंद

शकुन टाइम्स संवाददाता

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 64वां प्रान्त अधिवेशन 26 दिसंबर 2024 से 28 दिसंबर 2024 के बीच कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) में आयोजित हुआ। जिसमे पीडीडीयू नगर के निवासी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविन्दा सिंह चौहान उर्फ राजवीर सिंह को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के प्रान्त एसएफएस सह संयोजक बनाएं गए। जिस दौरान राजवीर सिंह गोविंद ने कहां की सेवार्थ विद्यार्थी का काम अपने देश में ही नहीं बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर है, जिसमें छात्र राष्टभक्ति की भावना से सेवा भाव का काम करते है। जैसे गरीब बस्तियों में शिक्षा देना। ऋतु अनुसार जरूरतमंद लोगों के बीच शरबत, कंबल आदि वस्तुएं उपलब्ध कराना आदि।



# रजनीश सिंह अध्यक्ष तो विजयंत प्रसाद बने महामंत्री

## माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** जनपद के पीडीडीयू नगर स्थित नगर पालिका इंटर कॉलेज में रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमे रजनीश सिंह को अध्यक्ष, विजयंत प्रसाद को महामंत्री, राजकिशोर यादव को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र प्रसाद यादव को आय-व्यय निरीक्षक पद पर सर्वसम्मिति से निर्वाचित हुए। यह चुनाव प्रदेश के निर्देश पर हुआ जिसके अधिकारी सौरव कुमार पांडेय मंडलीय मंत्री की देख रेख में सम्पन्न हुआ। साथ ही रत्नेश कुमार राय जिला उपाध्यक्ष ग़ाज़ीपुर और प्रत्युष त्रिपाठी पूर्व मंत्री ग़ाज़ीपुर चुनाव में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

चुनाव में चंदौली जनपद के प्रत्येक विद्यालय से शिक्षकों की उपस्थिति रही। जिसमे जिला संयोजक सत्यमूर्ति ओझा, प्रमोद सिंह, सत्येंद्र सिंह, महताब अहमद, सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, मार्कण्डेय प्रसाद, रामप्रकाश पांडेय,

अजय कुमार झा, बबलू गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस दौरान आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने किया।



# पेयजल कनेक्शन नही जोड़ने से, हाहाकार

- फोर लेन बनाने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही से एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति बाधित
- सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ देने से दुर्घटना को दे रहा दावत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** सकलडीहा में फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर बीते दो साल से कार्य चल रहा है। महज आठ सौ मीटर सड़क और नाला का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। आरोप है कि फोर लेन सड़क बनाने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण बीते दस दिनों से तेन्दुई और ईटवा गांव के सैकड़ों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। व्यापारियों ने समस्या का समाधान नहीं किये जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है।

सकलडीहा में सड़क और नाला निर्माण के साथ बिजली और पानी की सिफ्टिंग होना है। जिसके लिये पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारियों की मनमानी के कारण महज 800 मीटर निर्माण कार्य बाधित है। नाला का निर्माण नहीं होने से सड़क और घरों में पानी नाबदान का घुस रहा है।

वही बिजली तार और पोल व ट्रांसफार्मर की सिफ्टिंग में तेजी नही करने से समस्या बनी हुई है। वही दूसरी ओर फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी से खोदाई करने के कारण पेयजल सप्लाई की व्यवस्था ठप है। आरोप है कि बीते दस दिनों से सधन तिराहे पर जल निगम की पाइप का कनेक्शन के लिये सड़क पर खोदा गया गड्ढा पाटना तो दूर कनेक्शन सड़क के दूसरी ओर नहीं किये जाने से दर्जनों उपभोक्ता पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। शिकायत के बाद भी कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारियों के कांनों पर जू तक नहीं रेंग रहा है। जिसे लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने समस्या का समाधान सोमवार तक नही किये जाने पर मंगलवार को एसडीएम को पत्रक देकर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। उधर विभागीय अधिकारियों ने शीध्र ही समस्या का दूर करने का भरोशा दिया है।

# आचार्य किशोर कुणाल का निधन दुखद और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है: मुख्यमंत्री योगी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य और महावीर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल का निधन हो गया है। उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ है। बताया जा रहा है कि 74 साल के उम्र में महावीर वात्सव अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी का निधन अत्यंत दु:खद और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिन्तकों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम: शांति! बता दें कि पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का कार्डियक अरेस्ट की वजह से रविवार सुबह निधन हो गया। कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें तुरंत महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आचार्य किशोर कुणाल ने आईपीएस से त्याग-पत्र देकर समाज-सेवा के कार्यों को शुरू किया। किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को एक भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी स्कूली शिक्षा बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गाँव में हुई। फिर उन्होंने पटना विश्वविद्यालय में इतिहास और संस्कृत का अध्ययन किया। 1970 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। बाद में अपने करियर के मध्य में उन्होंने मास्टर डिग्री के लिए भी अध्ययन किया। जिसे उन्होंने 1983 में प्राप्त किया।

उनके शिक्षकों में इतिहासकार आरएस शर्मा और डीएन झा शामिल थे। किशोर कुणाल ने राम मंदिर निर्माण के लिए 10 करोड़ का दान भी किया है। राम मंदिर से सटे अमावा मंदिर का संचालन भी महावीर ट्रस्ट की ओर से ही किया जाता है। यहां 2019 से ही राम रसोई का संचालन भी किशोर कुणाल की ओर से किया जा रहा है। रोजाना 5000 श्रद्धालु निशुल्क भोजन ग्रहण करते हैं। राम मंदिर के मुकदमे में भी किशोर कुणाल ने कई साक्ष्य प्रस्तुत किए थे।

# बाघ ने अब गाय का किया शिकार

## ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की टीम को दे रहा चकमा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**काकोरी/लखनऊ।** पिंजड़े, जाल, कैमरे, ड्रोन के अलावा तीन विशेषज्ञ, डब्लूटीआई टीम और 25 से अधिक कर्मियों का लाव लश्कर होने के बावजूद वन विभाग की टीम 26 दिन बाद भी बाघ को नहीं पकड़ नहीं पाई है। वन विभाग की टीम केवल पंजों के निशान पहचानने तक सीमित है। इन 26 दिनों में बाढ़ 6 जानवरों के शिकार कर चुका है। शनिवार को बुधड़िया गांव में छठवां शिकार किया। बाघ के ठिकाना बदलने से ग्रामीण दहशत में हैं। वह अपने खेती बाड़ी के काम भी नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों की दिनचर्या भी प्रभावित है। बाघ रहमान खेड़ा के जंगल के आसपास घूम रहा है। शनिवार को बुधड़िया गांव में बाघ ने एक गाय का शिकार कर लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि रहमानखेडा संस्थान के अन्दर शनिवार सुबह 9 बजे तक बाघ, वन्य जीव की उपस्थिति नहीं मिली। 9: 30 बजे बुधड़िया के लोगों ने गाय का शिकार होने की सूचना दी। इस पर डीएफओ वेटरनरी डॉक्टरों, डब्लूटीआई टीम, प्रभागीय वनाधिकारी, नोडल अधिकारी हरीलाल ने मौके पर जाकर जांच की। डीएफओ के अनुसार वहां एक मृत गाय मिली। मौके पर वन्य जीव के पग चिह्न भी मिले। गाय का कुछ भाग वन्य ने खा लिया था।

## संक्षिप्त सामाचार

### चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर पिकअप लूटा, ट्रांसपोर्टर ने तहरीर दी

**लखनऊ।** रहीमाबाद में जहर खुरानी गिरोह ने एक पिकअप चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेसुध कर दिया। बेहोशी की हालत में उसे सड़क किनारे फेंक वाहन लेकर फरार हो गए। ट्रांसपोर्टर छेदीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें बताया कि शुक्रवार को रामा रोड रतापुर गल्ला मंडी से अज्ञात शख्स ने मलिहाबाद के लिए अपना घरेलू सामान पहुंचाने के लिए वाहन बुक किया था। चालक कासिम पिकअप लेकर उस व्यक्ति के साथ मलिहाबाद के लिए रवाना हुआ था। उन्होंने ने बताया कि पुलिस ने कासिम को रहीमाबाद के जिंदौर चौराहे पर बेहोशी की हालत में पाया था। इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने चालक को बेहोश कर वाहन चुरा लिया है। रहीमाबाद के अतिरिक्त थाना अध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि देर रात एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। जिसको अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### सीमेंट व्यापारी एसोसिएशन के अभिषेक मसानी अध्यक्ष और आकाश आहुजा कार्यकारी अध्यक्ष बने

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नई युवा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस दौरान संगठन के भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। जिला ईकाई संरक्षक मनीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अभिषेक मंसानी, जिला वरिष्ठ महामंत्री जिम्मी गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गुप्ता, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष आकाश हूजा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्पित जैन जी के साथ संगठन मंत्री महेंद्र गोयल एवं अंकुर जैन और जीएसटी प्रभारी सीए सार्थक जैन, लीगल प्रभारी आई एम पांडे, मल्टीमीडिया संयोजक अंशुल अग्रवाल और परिवहन प्रभारी सागर वर्मा एवं रवि यादव के साथ दस उपाध्यक्ष और दस महामंत्री विजय साहू, सुरेंद्र सचदेव, मुदस्सर नजर, विवेक सिंह, भास्कर गुप्ता, निखिल सिंह, मो.सलाउद्दीन, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, अम्बुज कुमार, मनीष यादव, कमल अग्रवाल, डी के मिश्रा आदि को दायित्व देने के साथ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेते हुए संगठन के विकास और सीमेंट डीलर्स के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### 67 यूपी वाहिनी एनसीसी द्वारा संग्राम 1857 ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ की प्रतिष्ठित एनसीसी बटालियन 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के द्वारा संग्राम 1857 ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के 170 कैडेटो ने हिस्सा लिया। 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने सभी कैडेटो को 1857 संग्राम के बारे में जानकरी दी और मंगल पाण्डे, रानी लक्ष्मीबाई, नानासाहेब, ऊदा देवी की बेहतरीन कलाकृति बनाने वाले कैडेटो को वीरों द्वारा जीवन में किए गए बलिदान के वारे में बताया। कैडेटो को अपने जीवन में क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान और देश के प्रति अपने जीवन को बलिदान करने का मौका मिले तो पीछे ना हटते हुए देश पर बलिदान करने का साहस दिखाना चाहिए। ऐसा करने बच्चों को जीवन में और अच्छा करने के लिए कुछ जरूरी जानकारी भी साझा की।

# कानपुर विश्वविद्यालय की एक और छात्रा चंचल ने खेलों इंडिया में स्थान प्राप्त किया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** केआईआईटी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में चल रही अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2024 में कानपुर विश्वविद्यालय की एक और छात्रा चंचल ने 3000 मीटर स्टीपल चेस रेस में 6वां स्थान प्राप्त कर खेलों इंडिया प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली ये जानकारी एथलेटिक्स कोच राहुल दीक्षित टीम मैनेजर सौरभ तिवारी ने दी इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्रा को हर संभव मदद देने का वादा किया क्रीड़ा सचिव डॉ प्रभाकर पांडे, विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार यादव, सहायक आचार्य डॉ सौरभ तिवारी, अभिषेक मिश्रा, विष्णु अग्निहोत्री, एथलेटिक्स कोच राहुल दीक्षित और विभाग के समस्त शिक्षको एवं कोच ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## 8वीं शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट

**लखनऊ।** शिवाजी मार्ग स्थित प्रिसिशन चेस एकेडमी में खेले जा रहे 8वें शैल बाला मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट के पांचवें चक्र में पहले बोर्ड पर शनि सोनी ने क्वीन पान ओपनिंग से खेल की शुरुआत की। इसके जवाब में पवन बाथम ने किंग्स इंडियन डिफेंस से मोर्चा संभाला। मध्य खेल में शनि ने बढ़त बना ली, लेकिन पवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बाजी को ड्रा कराने पर मजबूर कर दिया। दूसरे बोर्ड पर प्रणव रस्तोगी और अर्जुन सिंह के बीच सिसिलियन डिफेंस खेला गया। 64 चालों के बाद भी कोई नतीजा न निकलते देख, दोनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रा करने पर सहमति जताई। वहीं, तीसरे बोर्ड पर लक्ष्य निगम ने काले मोहरों से खेलते हुए गौरांश को हराकर पूरा अंक हासिल किया। पांचवें चक्र के बाद अंक स्थिति इस प्रकार हैरू पवन बाथम, प्रणव रस्तोगी, आदित्य सक्सेना, शनि सोनी, लक्ष्य निगम और आरव गुप्ता, सभी 4-4 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

# बांग्लादेशियों ने निगमकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## महिला सुपरवाइजर को खींचा, मेयर भड़कीं तो निगम ने 50 झोपड़ियां तोड़ी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह बांग्लादेशियों ने निगमकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पर्स और मोबाइल लूट लिए। महिला सुपरवाइजर को पकड़ कर खींचा, कपड़े फाड़ दिए। बवाल की सूचना मिलते ही मेयर सुषमा खर्कवाल मौके पर पहुंचीं।

मेयर ने कहा बांग्लादेशी नगर निगम के कर्मचारियों को पीटेंगे और पार्षद प्रतिनिधि पर डंडों से हमला होगा तो मेरे मेयर रहने का क्या मतलब? जेसीपी साहब इनके खिलाफकार्रवाई करो, नहीं तो धरने पर बैठूंगी। भले ही मेरी सरकार है। इसके बाद निगम की टीम ने इंदिरा नगर थाने के पीछे खाली प्लॉट में बनी 50 झुग्गियां को 2 घंटे में तोड़ दीं। इन झुग्गियों में रहने वाले अपना सामान निकालकर गाड़ियों से ले गए। मौके पर बवाल न हो, इसलिए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इससे पहले, नगर निगम टीम सुबह 7 बजे इंदिरा नगर में जोन-7 में घोड़े वाले मंदिर के पास मानस एन्क्लेव के सामने अवैध ठेलों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची थी। ठेलों को हटाने के दौरान विवाद हो गया। अचानक 200 लोग जुट गए और टीम पर हमला कर दिया। निगमकर्मियों ने भाग कर जान बचाई। इस दौरान लोगों ने एक पार्षद प्रतिनिधि को भी डंडों से पीटा। मेयर ने लखनऊ कमिश्नर और डीएम को फोन करके मामले की जानकारी दी। पीएसी भेजने के लिए भी कहा।

इस पूरे मामले में भारतीय किसान यूनियन अवध अराजनीतिक से जुड़े राजू गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन इस कार्रवाई का विरोध करता है। नगर निगम के अधिकारियों की शिकायत का पत्र हमने पहले दिया था। लखनऊ नगर निगम कर्मचारियों और बांग्लादेशियों के बीच मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि पुलिस भी मौके पर मौजूद है, इसके बावजूद बांग्लादेशियों ने मारपीट की। वे लाठी और डंडे लेकर वहां पहुंचे। पहले निगम कर्मियों के साथ बहस हुई। इसके बाद मारपीट की गई। अवैध झुग्गियों का बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी को भी मेयर सुषमा खर्कवाल ने फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारी को तारों का जंजाल दिखाया और कहा कि इस तरह से आपका विभाग काम करता है। इस पर बिजली अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। मेयर सुषमा खर्कवाल ने खुद खड़े होकर इन झुग्गियों की बिजली कटवा दी। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यहां प्री-पेड कनेक्शन चल रहा था। जबकि मौके पर अवैध तरीके से कटिया फंसाकर बिजली चोरी की जा रही थी।

# अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर कसा तंज

## कहा, कुंभ में निमंत्रण नहीं दिया जाता, लोग अपने आप आस्था से आते हैं

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ईवीएम, बेरोजगारी, कुंभ मेले समेत कई मुद्दे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जर्मनी की तर्ज पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनाया। यूपी में किए गए कार्यों में जो सुधार हुआ है वह सिर्फ सपा ने किया है। कम्बोज जर्मनी से पार्लियामेंट मेंबर राहुल कुमार को अखिलेश अस्त्र वस्त्र देकर सम्मानित किया। राहुल कुमार ने कहा कि लखनऊ में पहली बार आने का मौका मिला। मेरी अखिलेश से लगातार फोन पर बात होती रहती है जो हमारे इंडिया है उनकी जर्मनी में कैसे मदद की जा सकती है इस पर कार्य करता हूं। जर्मन और यूरोप में जो फैसिलिटी है उसे इंडिया कैसे लाएं यूपी और लखनऊ कैसे लाएं। उस मु को उन्होंने ने उठाए और युवाओं का फ्यूचर कैसे बेहतर हो उस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं मित्रता भाव से यहां आया हूं। हमारे पास एक बड़ा मौका है जिसने नौजवानों को बेहतर ऑपचुर्निटी दी जाए। उन्होंने कहा कि मई में जर्मनी में हमारा कल्चर इवेंट होता है उसमे अखिलेश जी को उनकी टीम के साथ इनवाइट करता हूं वो अपनी पूरी टीम के साथ आए। उन्होंने कहा कि हमेशा यहां के लोगों के लिए रास्ते खुले हुए है। बैलेट पेपर पर आज भी हम जर्मनी में वोटिंग करते है। आज यहां मित्रता का सेतु बांधा जा रहा है। हमारी जो मित्रता है ये जर्मनी यूरोप में यहां के नौजवानों के लिए अच्छे अवसर लाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि ईवीएम से चुनाव जीतने वाले को विश्वास नहीं होता और हारने वाले को भी विश्वास नहीं होता हैं। इस लिए जर्मनी में वोटिंग ईवीएम से नहीं होती है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। अखिलेश यादव ने कुंभ मेले की तैयारी को लेकर सरकार तंज कसा। उन्होंने कहा कि आधी अधूरी के साथ महाकुंभ 2025 का सरकार आयोजित करा रही है। कुम्भ अच्छा हो समाजवादी से जो भी मदद हो करने को तैयार हैं, हमने इसलिए कहा की अभी काम अधूरा हैं अब कम समय में काम कैसे पूरा होगा। हमने अपने पीडीए पत्रकार से रियलटी चेक करवा दिया।

### अखिलेश यादव का दावा, सीएम आवास के नीचे शिवलिंग है, खुदाई होनी चाहिए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को सपा मुख्यालय पर एक प्रेसवर्ता की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ जिस मुख्यमंत्री आवास में रहते हैं उसके नीचे भी शिवलिंग है। उसकी भी खुदाई होनी चाहिए। दरसअल यूपी की राजनीति में इन दिनों मंदिर खोजने और खुदाई का मामला छाया हुआ है। इसी मामले को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है। यह हमारी जानकारी है। इसकी भी खुदाई होनी चाहिए। अखिलेश यादव के इस दावे के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले भी संभल में हो रही खुदाई को लेकर निशाना साध चुके हैं।

चारबाग रेलवे स्टेशन पर कड़ाके की ठंड में ट्रेन के इंतजार में लेटे यात्रियों पर डाला पानी

# ठंड से ठिठुरे बच्चे-बुजुर्ग

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से सफाईकर्मियों की संवेदनहीनता सामने आई है। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर आठ व नौ पर ट्रेन के इंतजार में सो रहे यात्रियों को इस कड़ाके की ठंड में पानी डालकर जगाया। सर्दी में पानी पड़ते ही बच्चे-बुजुर्ग सहम गए। सफाईकर्मियों की इस हरकत का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अफसरों ने उन्हें जमकर फटकारा लगाई।

अफसरों ने सफाईकर्मियों को दोबारा ऐसी हरकत न करने की हिदायत दी। बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राजू यादव नामक एक शक्स ने डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा को इस घटना का वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सफाईकर्मी प्लेटफॉर्म धुलने के लिए सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर जगा रहे हैं। जिन यात्रियों पर पानी डाला गया, उनमें बच्चे भी शामिल हैं। वहीं इस मामले में सफाईकर्मियों का कहना है कि दिन में भीड़ होती है। इसलिए रात में प्लेटफॉर्म की धुलाई व सफाई का काम किया जाता है। चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नबंर 8-9 पर सफाईकर्मियों की संवेदनहीनता से ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सफाईकर्मियों द्वारा पानी डालने पर बच्चे ठंड से ठिठुरने लगे।

### ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज दौरान मौत

लखनऊ। शनिवार देर शाम बंथरा के रतौली गांव के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में घायल रोहित रावत (27 वर्ष) ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। जबकि इस हादसे में रंजीत कुमार धीमान 33 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। बाइक चला रहा युवक ने हेलमेट नहीं लगाया था। घटना में रोहित और मोहित घायल हो गए थे। रोहित को मोहनलालगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां से ट्रामा 2 रेफर कर दिया गया। जहां रोहित ने शनिवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दी। वहीं मोहित शर्मा का केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। उधर एक साथ गांव में दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत होने से दोनों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शनिवार देर शाम करीब 7.30 बजे वह गांव के रंजीत कुमार धीमान 33 वर्ष और मोहित शर्मा 24 वर्ष के साथ एक ही बाइक से बनी-

### सदर भागवत कथा मे सुदामा प्रसंग सुन भक्त हुए भावविभोर

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा मे रविवार को नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने सुदामा प्रसंग सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर माँ देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा आचार्य ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं।

# शिविर में बुजुर्गों महिलाओं का हुआ नेत्र जांच

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत नेत्र जाँच शिविर में बुजुर्गों महिलाओं की नेत्र जाँचआज ममता चौरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ के तत्वाधान में मिधानी द्वारा प्रायोजित आलमनगर वार्ड पारा लखनऊ में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं नेत्र सहायक की सहायता से सैकड़ों बुजुर्गों,महिलाओं और गरीबो के नेत्र की जांच किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी राजीव मिश्रा ने बताया कि इसी स्थान में विशाल स्वास्थ्य सहायक उपकरण,कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान का आयोजन किया जाना है जिसमें स्वास्थ्य जन- जागरुकता, चिकित्सा शिविर,दिव्याग ट्राई साइकिल,स्टिक,कान की मशीन आदि सहित प्राथमिक दवाइयों का वितरण किया जाना है! उसी में आज हुए नेत्र जाँच के व्यक्तियों,जरूरतमंदो को नि:शुल्क चश्मा भी वितरित किया जाना है,संस्थापक ट्रस्टी डॉ राजेश शुक्ला ने बताया कि ट्रस्ट विगत 5 वर्षो से निरन्तर नर सेवा को नारायण सेवा मानकर शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज, गरीब, जरूरतमंदों केलिए सेवा समर्पण एवं सहयोग हेतु कृतसंकल्प है,उसी श्रंखला में इस वर्ष भी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग व कंबल वितरण अभियान अंतर्गत नेत्र जाँच शिविर आयोजित कर लाभान्वित करने का अभियान चलाया जा रहा है! ममता ट्रस्ट के एडवोकेट राजेश मिश्रा ने सहयोगियों एवं जरूरतमंदों का हौसला बढ़ाते हुए सबका आभार व्यक्त किया! इस मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन में रेखा सिंह पार्षद ,नागेंद्र सिंह पूर्व पार्षद विजयशंकर शुक्ला दया शंकर सोनी, रामरती, बुधपाल सिंह, शशिलताने किया!

# एससी एसटी आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे द्वारा सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नगर निगम जलकल विभाग जिला पंचायत राज विभाग की समस्याओं से सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित होकर रमेश चन्द्र कुंडे को पत्र देकर अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारियों की डयूटी प्रात: 5 बजें से नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशों के तहत किये जाने से विशेष कर महिला सफाई कर्मचारियों को परेशानी हो रही है तथा सर्दियों में अंधेरा होने के कारण कुत्ते आदि काट रहे है जिसको सिनेटरी सुपरवाइजर कर्मचारी संघ के महामंत्री मोहम्मद उस्मान अली शाह ने बताया तथा संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील सुमन ने बताया कि संविदा कर्मी आउटसोर्सिंग कर्मियों तथा ठेकेदार के कर्मचारियों का वेतन विभिन्न तरह-तरह से दिया जा रहा है जबकि सबका कार्य समान है वेतन के अन्तराल के कारण सफाई कर्मियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है उत्तर प्रदेश म्युनिसिपल वर्कस यूनियन कानपुर के अध्यक्ष चमन बिरिहा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की डयूटी का कोई समय निर्धारित नही है रात दिन गुलामों की तरह कार्य लिया जा रहा है और उसके बीमार पड़ने पर किसी प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था विभाग द्वारा नही दिया जा रहा है जनसुनवाई के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रोटोकाल के पश्चात नगर निगम जल-कल विभाग जिला पंचायत राज्य विभाग का प्रमुख अधिकारी सर्किट हाउस कार्यक्रम में नही पहुंचा केवल नगर निगम के अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थें रमेश चन्द्र कुंडे ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कानपुर मंडल के आयुक्त से इसकी शिकायत कर सम्बन्धित अधिकारियों के के विरूद्ध कार्यवाही करवायेगें जन सुनवाई के दौरान 17 शिकायती पत्र आये जिसमें नगर निगम जल-कल विभाग की अधिकांश शिकायत प्राप्त हुई है जन सुनवाई के दौरान प्रमुख रूप से रमेश चंद्र कुंडे के साथ बीएल गुलाबिया, सुनील सुमन, जेएन कटियार, विजय चौरसिया, राम प्रताप पाल, अंकिता सचान, आशीष सिंह, शैलेन्द्री पटेल, राजेश गुप्ता, गुलबदन, अंकित, राम कृष्णा वर्मा, श्याम नारायण मौर्य, धर्मेन्द्र भारती, आरती त्रिवेदी, अभिनव द्विवेदी, चेतन विश्वकर्मा, जेके वर्मा, कमलेश सागर, पप्पू शाह सिद्दीकी, फहीम शाह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# सत्ता, लोभ और सिद्धांतहीनता राजनैतिक अस्थिरता के बड़े कारण

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है।

किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है। संविधान में ही योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन संसद द्वारा पारित जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसीलिए संविधान तथा इस अधिनियम में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता एवं एवं अपराधिक निर्योग्यता का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे राजनीति थोड़ी साफसुथरी हो और नैतिकता तथा आत्मबल में वृद्धि हो। पढ़े लिखे, शिक्षित लोगों की राजनीति में आने से वहां का वातावरण थोड़ा शुद्ध होने की संभावना बनती है,और देश के विकास को भी बल मिलता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि सामान्यता अपराधी प्रवृत्ति लोगों को विधानसभा या लोकसभा में टिकट नहीं दी जानी चाहिए, जिससे उनका राजनीति में प्रवेश प्रतिबंधित हो सके। प्राय: देखा गया है कि अनैतिकता की शुरुआत अधिक धन के संचालित होती है। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों के प्राप्त चंदे को ऑडिट के दायरे में लाना जाकर लाया जाना चाहिए, ताकि नैतिक चंदे से राजनीति भी नैतिक हो सके। सदनों की नियमावली में परिवर्तन करते हुए सूचना के अधिकार के अंतर्गत जिसमें पार्टियों की गतिविधियां भी आर,टी,आई के दायरे में लाई जा सके। जिससे राजनीतिक पारदर्शिता को बल मिलेगा। हाल ही में भारतीय संसद की निष्पादन क्षमता में भारी कमी आई है, क्योंकि प्रत्येक राजनीतिक दल संसद का प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए करने लगे हैं, इसीलिए नियमावली में परिवर्तन के साथ इस पर लगाम लगाई जानी चाहिए।

# नया साल, नई शुरुआत

**अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीजें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है।**

प्रियंका सौरभ

31 दिसम्बर की आधी रात को हम 2024 को अलविदा कह देंगे और कैलेंडर 1 जनवरी यानी 2025 के नए साल के दिन के लिए अपना नया पन्ना खोलेगा। उतार-चढ़ाव, मजेदार पल और कुछ खघस नहीं-यह सब अब अतीत की बात हो जायेंगे। हम एक नए साल के मुहाने पर खड़े हैं, जो हमारे सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। हवा में उत्साह और चिंतन की गूंज है, जैसे पुरानी यादों और उम्मीदों का एक बेहतरीन मिश्रण। बुद्धिमान लोग कहते हैं कि जीवन विरामों के बीच में जिया जाता है-जैसे कि सांस छोड़ने के ठीक बाद और सांस लेने से पहले। हर अंत बस एक और शुरुआत है। वास्तव में इसे महसूस करने के लिए साल के पहले दिन से बेहतर कोई समय नहीं है। एक नया साल एक नई शुरुआत है। यह एक नए जन्म की तरह है। नया साल शुरू होते ही हमें लगता है कि हमें अपने जीवन में बदलाव करने, नई राह पर चलने, नए काम करने और पुरानी आदतों, समस्याओं और कठिनाइयों को अलविदा कहने की जरूरत है। अक्सर हम नई योजनाएँ और नए संकल्प बनाने लगते हैं। हम उत्साहित, प्रेरित और आशावान महसूस कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी आशंकित भी होते हैं। कवियों और दार्शनिकों ने अक्सर दोहराया है कि भविष्य में जो कुछ भी करना है, उसमें जीवन ने जो सबक हमें सिखाया है, उसे लागू करना जरूरी है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं। संदेश, ग्रीटिंग कार्ड और उपहारों का आदान-प्रदान नए साल के जश्न का अभिन्न अंग है। मीडिया कई नए साल के कार्यक्रमों को कवर करता है, जिन्हें दिन के अधिकांश समय प्राइम चौनलों पर दिखाया जाता है। जो लोग घर के अंदर रहने का फैसला करते हैं, वे मनोरंजन और मौज-मस्ती के लिए इन नए साल के शो का सहारा लेते हैं। नया साल सिर्फजश्न मनाने का समय नहीं है, बल्कि आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी है।

अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीजें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है। कुछ सबसे लोकप्रिय संकल्पों में वजन कम करना, अच्छी आदतें विकसित करना और कड़ी मेहनत करना शामिल है। आज के समय में, जब पर्यावरण के मुद्दे एक गंभीर चिंता का विषय हैं, तो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीकों से नए साल का जश्न मनाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। पटाखों का




उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और जल संरक्षण इस दिशा में सकारात्मक कदम हो सकते हैं। नया साल हमें अतीत की कड़वाहट को भूलकर नए रिश्ते शुरू करना सिखाता है। आइए हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भावना व्यक्त करें। आइए हम उन लोगों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें जो अपना रास्ता भूल गए हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण की शिक्षाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना काम करना चाहिए और परिणाम भगवान पर छोड़ देना चाहिए। नया साल सिर्फकैलेंडर बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को एक नई दिशा देने का अवसर है। यह नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का समय है। आइए हम सब मिलकर इस नए साल को अपने और समाज के लिए बदलाव का साल बनाएँ। अब, सभी चमक-दमक के बीच, नए साल का दिन कुछ गंभीर सोच-विचार का भी समय है। हाँ, हम आत्मनिरीक्षण के बारे में बात कर रहे हैं-पिछले साल को पीछे देखते हुए और यह पता लगाते हुए कि हमने क्या सीखा है। क्या हमने आखिरकार मकड़ियों के डर पर विजय प्राप्त की ? क्या हमने उन लोगों के साथ पर्याप्त समय बिताया जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं ? यह कुछ हद तक हमारे जीवन की मुख्य घटनाओं को स्क्रॉल करने और यह सोचने जैसा है, ष्वाह, क्या मैंने वाकई ऐसा किया ?ष् एक पेड़ लगाएँ, अपने भविष्य के लिए एक पत्र लिखें, या बोर्ड गेम का लुत्फ उठाएँ। इसे अपने लिए अनोखा बनाएँ और हर साल इसका इंतजार करें। अब, इस तरह से आप एक परंपरा की शुरुआत कर सकते हैं! नए साल के दिन सोच-समझकर उपहार देकर प्यार फैलाएँ। यह कघेमत के बारे में नहीं बल्कि इशारे के पीछे की भावना के बारे में है। एक हस्तलिखित नोट, एक व्यक्तिगत ट्रिंकेट, या एक हार्दिक संदेश दुनिया भर में अंतर ला सकता है जब आप उन लोगों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हैं जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। अक्सर, हम या तो इसे महसूस नहीं करते या इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं और एक ऐसी कहानी लिखने की कोशिश करते हैं जो पहले ही खघ्त्म हो चुकी है। ऐसे समय में हमें याद रखना चाहिए कि कभी-कभी कघ्लम को नीचे रखना ठीक होता है। बंद दरवाजे से जूझना ठीक नहीं है। इससे चिपके रहने से आप दूसरी तरफकी खिड़की को देख नहीं पाते। जैसा कि माइंडफुलनेस प्रैक्टिशनर कहते हैं, सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि नए सिरे से शुरुआत करने के लिए आपके पास मौजूद पल से बेहतर कोई समय नहीं है। नए साल की सुबह, सबसे अच्छी स्थिति में, केवल सही सेटिंग ही बना सकती हैय बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, सब आपके भीतर है। हालाँकि, आप नए साल के दिन 2025 को धूम मचाने का फैसला करते हैं, इसे यादगार बनाते हैं। ऐसे नाचें जैसे कोई देख नहीं रहा हो, ऐसे हँसें जैसे यह अब तक का सबसे अच्छा मजाक हो और अपने दोस्तों को ऐसे गले लगाएँ जैसे आपने उन्हें एक दशक से नहीं देखा हो। क्योंकि अंदाजा लगाइए क्या ? 2025 आपका चमकने का साल है। तो, आइए इसे यादगार बनाएँ, इसे यादगार बनाएँ और इसे खघस बनाएँ!

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे।

उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया। डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात् उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ ? सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ ? सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ ? सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था।

# साइबर ठगी, यूजीसी और हैंडबुक

**इसके तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, छात्रों और दूसरे कर्मचारियों को शामिल किया गया है, साथ ही, साइबर खतरों से बचने के लिए उनके लिए एक हैंडबुक भी तैयार की गयी है। इस 126 पन्नों की हैंडबुक में साइबर हमलों से बचने के लिए क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया गया है। जैसे, इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान किसी भी ऐप या वेबसाइट पर भरोसा न करना, मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल करते समय उसमें एंटी वायरस रखना, कोई भी ऐप या सॉफ्टवेयर अधिकृत स्टोर से जांच-परख के बाद ही खरीदना, अलग-अलग इंटरनेट अकाउंट के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना, और उन्हें बदलते रहना आदि। यही नही इसमें अपने व्यक्तिगत विवरण और वित्तीय लेन-देन के पिन को सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप पर साझा न करने, स्पैम ई-मेल या मित्रता के संदिग्ध अनुरोधों पर प्रतिक्रिया न देने और गुमनाम स्रोतों से आये संदेशों पर क्लिक न करने की सलाह दी गयी है।**

प्रेम शर्मा

इंटरनेट की दुनिया मे साइबर अपराध समाज के लिए कोढ़ बनता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए यूजीसी की हैंडबुक कितनी कारगर साबित होगी यह तो कहा नही जा सकता लेकिन हेड बुक की हिदायतों और जानकारियों को अमल में लाया जाएगा तो काफी हद तक साइबर ठगों से बचा जा सकता है। बहुत ही साधारण तरीके से उक्त हैंडबुक में साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी गई है। देश में बढ़ते साइबर खतरों के खिलाफ यूजीसी, यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शुरू किये गये अभियान के महत्व को समझा जा सकता है।

इसके तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, छात्रों और दूसरे कर्मचारियों को शामिल किया गया है, साथ ही, साइबर खतरों से बचने के लिए उनके लिए एक हैंडबुक भी तैयार की गयी है। इस 126 पन्नों की हैंडबुक में साइबर हमलों से बचने के लिए क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में विस्तार से समझाया गया है। जैसे, इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान किसी भी ऐप या वेबसाइट पर भरोसा न करना, मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल करते समय उसमें एंटी वायरस रखना, कोई भी ऐप या सॉफ्टवेयर अधिकृत स्टोर से जांच-परख के बाद ही खरीदना, अलग-अलग इंटरनेट अकाउंट के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना, और उन्हें बदलते रहना आदि। यही नही इसमें अपने व्यक्तिगत विवरण और वित्तीय लेन-देन के पिन को सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप पर साझा न करने, स्पैम ई-



मेल या मित्रता के संदिग्ध अनुरोधों पर प्रतिक्रिया न देने और गुमनाम स्रोतों से आये संदेशों पर क्लिक न करने की सलाह दी गयी है। हैंडबुक में दर्ज कुछ महत्वपूर्ण उपायों की चर्चा करे तो इसमें मुख्य रूप से सलाह दी गई है कि यूपीआई से भुगतान में कभी भी अपना पिन साझा न करें। भुगतान से पहले प्राप्तकर्ता की पहचान सत्यापित करें।नेट बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए अंजान लिंक्स पर क्लिक न करें। बैंकिंग लेनदेन के लिए सार्वजनिक वाई फाई का प्रयोग न करें। ऐसी ऑनलाइन योजनाओं में निवेश न करें जो असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करती हों। सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों की मित्रता उनके सत्यापन के बिना न करें। डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए धमकी भरे काल या ईमेल से न घबराएं और प्रतिक्रिया न दें। सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के लिए जटिल और यूनिक पासवर्ड का प्रयोग करें। गेमिंग एप फ्रॉड से बचने के लिए केवल आधिकारिक एप स्टोर्स से ही गेम और एप्स डाउनलोड करें।डेटिंग एप पर सतर्क रहें और पासवर्ड या निजी तस्वीरें साझा न करें। इस हैंडबुक में साइबर सुरक्षा से जुड़े कानूनी पक्ष, देश में साइबर अपराध से जुड़े कानून और सजा के बारे में तो बताया ही गया है। साइबर हमले की स्थिति में संबंधित प्राधिकरण से शिकायत करने के लिए भी कहा गया है। दरअसल, साइबर हमलों का शिकार होने वालों में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा से जुड़े छात्र-छात्राएं हैं, क्योंकि वे अपनी दैनंदिन गतिविधियों में एंड्रॉयड मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप का अधिक इस्तेमाल करते हैं। चूंकि यह पीढ़ी साइबर मामलों में तुलनात्मक रूप से ज्यादा कुशल भी होती है। इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में मिलने वाली जानकारियों को वे अपने परिजनों और परिचितों में साझा भी कर सकते हैं। हैंडबुक में यह भी जानकारी दी गई है कि बाहर जाते समय ऑनलाइन पोस्ट शेयर करने से बचें, ताकि किसी को आपके बाहर होने की खबर न लगे। डार्क वेव के प्रति सजग रहें, बच्चे अगर ऑनलाइन पढ़ाई या गेम खेलते हैं पर निगरानी भी जरूरी है। अपने बायोमैट्रिक डेटा और आधार को कभी किसी को न बताएं और उसे डिजिटली लॉक रखें, दो चरण का लॉक लगाएं। वाइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल वाइप के जरिये अपने अपने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर हमें सुरक्षा प्रोटोकॉल रखें। किसी सार्वजनिक पावर चार्जिंग स्टेशन पर कभी मोबाइल चार्ज न करें, वहां हमेशा हैकिंग का खतरा बना रहता है।बैंक की ओर से खाते को लेकर कभी कोई डिटेल नहीं मांगी जाती है, आप जानकारी न दें। एटीएम पिन का पासवर्ड, ओटीपी समेत अन्य जानकारी भी किसी से शेयर न करें। इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध लगने वाले लिक को क्लिक न करें। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान प्रचलित मोबाइल एप का ही प्रयोग करें। एटीएम केबिन में कार्ड प्रयोग करते समय सतर्क रहें और मदद न लें। एटीएम में स्कैनर लगा शातिर लोगों की डिटेल चुरा लेते हैं। मोबाइल पर किसी तरह की लाटरी व पुरस्कार के लालच में न पड़े। हर दिन अपने फेसबुक दोस्तों से जांचें कि कोई क्लोन तो नहीं। किसी भी कीमत पर फिशिंग संदेशों से कोई समझौता नहीं -ओएलएक्स फ्राड किसी भी लालच में आकर एडवांस भुगतान किसी कीमत पर नहीं। सोशल साइट या मोवाइल पर आने वाले ऑफर्स से बचें।

# इस साल खेल जगत में हुए कई विवाद, सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से ईशान हटना तो राहुल- गोयनका कंट्रोवर्सी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** साल 2024 भारतीय खेल जगत के लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। इस साल टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं शतरंज में डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। तो पेरिस ओलंपिक में भी भारत का झंडा ऊंचा रहा। लेकिन इन सभी उपलब्धियों के बीच कई विवाद भी सामने आए जो लोगों के जहन में हमेशा के लिए रहेंगे।

पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल और मनु भाकर ने शूटिंग में दो मेडल अपने नाम करके देश को गौरवान्वित किया। हालांकि, इस साल खेल जगत में कुछ विवाद भी हुए। इन विवादों ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरीं। आईपीएल 2024 के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एक मैच के बाद केएल राहुल और संजीव गोयनका के बीच मैदान पर हुई बातचीत काफी चर्चा में रही। जब लखनऊ को हार का सामना करना पड़ा। तो राहुल को गोयनका से बात करते हुए देखा गया, जहां गोयनका उन्हें फटकार लगाते हुए नजर आए। ये दृश्य कई फैंस को अजीब लगा और उन्होंने गोयनका की आलोचना की, क्योंकि कुछ का मानना था कि उन्होंने राहुल को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इस घटना ने एक बड़ा विवाद पैदा किया, जिससे दोनों के बीच संबंधों पर सवाल उठे। साल की शुरुआत में बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर कर दिया था। इन दोनों को बीसीसीआई के निर्देशों का पालन न करने के कारण अनुबंध से बाहर किया गया, जिसमें कहा गया कि टीम इंडिया से बाहर रहने पर उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। दिसंबर में किशन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान निजी कारणों से क्रिकेट से ब्रेक लिया, लेकिन बाद में बड़ौदा में ट्रेनिंग करते दिखे। वहीं, अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बाहर रहने के बाद रणजी ट्रॉफी नहीं खेली, जबकि एनसीए ने उन्हें फिट करार दिया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय रेसलर अंतिम पंघाल को नियमों की अनदेखी करने पर विवाद का सामना करना पड़ा। पंघाल ने खेल गांव से बाहर जाने के लिए अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी बहन को दे दिया जो नियमों के खिलाफ था। साल 2024 भारतीय फुटबॉल के लिए एक कठिन साल रहा, जिसमें टीम इंडिया 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को बर्खास्त कर उनका अनुबंध समाप्त कर दिया।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चायकाल तक 135 पर छह विकेट गवांये

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को सुबह के पहले सत्र में नीतिश कुमार रेड्डी (114) को आउटकर भारत की पहली पारी का अंत करने के बाद दूसरी पारी में चायकाल तक छह विकेट पर 136 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 240 रन हो गई है।

इससे पहले भारत ने कल के नौ विकेट पर 359 रन आगे खेलना शुरु किया। भारतीय टीम कल के स्कोर में दस रन का इजाफा कर पहली पारी 369 रनों के स्कोर पर सिमट गई है। नेथन लॉयन ने नीतिश कुमार रेड्डी को आउट किया। रेड्डी ने 189 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (114) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त हासिल हुई है। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला विकेट 20 के स्कोर पर सैम कोंस्टास (आठ) के रूप में गंवाया है।उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। 19वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा (21) को बोल्ड आउट किया। भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने 53 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये है हालांकि ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 158 रन हो चुकी है। 33वें ओवर में सिराज ने स्टीव स्मिथ (13) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में बुमराह ने ट्रेविस हेड (एक) को भी विदा कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पांचवा झटका दिया।



36वें

# चोटिल जॉश इंग्लिस बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ से हुए बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस पिंडलियों में आये खिंचाव के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन स्थानापंन्न खिलाड़ी के रूप में क्षेत्ररक्षण के इंग्लिस को पिंडलियों खिंचाव महसूस हुआ। इस कारण वह सिडनी टेस्ट नहीं खेल पायेंगे। ऑस्ट्रेलिया जल्द ही उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी के नाम घोषणा कर सकता है। इस चोट के कारण अब जॉश इंग्लिस के इस सीजन बीबीएल में खेलने पर संदेह है। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह अगले महीने के अंत में होने वाले श्रीलंका टेस्ट दौरे तक फिट हो जाएंगे। श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम एक अभ्यास शिविर के लिए यूएई जाएगी। तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भी ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के साथ बने रहेंगे।



## मिचेल स्टार्क की इंजरी को लेकर स्कॉट बोलैंड ने दिया अपडेट

**मेलबर्न।** टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारतीय पारी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टीम की टेंशन बढ़ा दी। गेंदबाजी के दौरान मिचेल स्टार्क दर्द में दिखे लेकिन गेंदबाजी जारी रखी। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद स्कॉट बोलैंड ने उनकी इंजरी को लेकर अपडेट दी है।

बोलैंड का मानना है कि स्टार्क ठीक हैं। तीसरे मैच में स्टार्क को सफलता नहीं मिली। मिचेल स्टार्क मेलबर्न में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान अपनी पीठ पकड़े हुए दिखे। जिसके बाद टीम के फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स ने उनका इलाज किया। बोलैंड ने कहा कि स्टार्क बेहतर दिख रहे हैं और अच्छी स्पीड से गेंदबाजी कर रहे हैं। शनिवार को तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पीठ दर्द की शिकायत की थी और उन्होंने मैदान में ही उपचार लिया था। हालांकि रविवार सुबह सेन रेडियो से बातचीत में कहा कि वह पूरी तरह फिट हैं।

## 51 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया के मिडिल ऑर्डर का हुआ हाल बेहाल

# जसप्रीत बुमराह ने बरपाया कहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी के आधार पर भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में आगे थी, लेकिन दूसरी पारी में भारत ने दमदार गेंदबाजी कर खुद को मैच में जीवित रखा है। इसका पूरा श्रेय जसप्रीत बुमराह को जाता है। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के मिडिल ऑर्डर की हालत खस्ता कर दी। यहां तक कि साल 1973 के बाद पहली बार ऐसा था, जब उनके नंबर 4 से नंबर 7 के बल्लेबाज कुल 20 रन भी नहीं बना पाए। 51 साल के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया का इतना हाल बेहाल हुआ है। मेलबर्न के एमसीजी में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने 16 रनों के भीतर नंबर 4 से नंबर 7 तक के बल्लेबाज को आउट कर दिया। इससे पहले अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इन बल्लेबाजों को 16 या इससे कम रन पर साल 1973 में खोया था। 51 साल पहले सिडनी क्रिकेट ग्राउंड यानी एससीजी में जनवरी 1973 में पाकिस्तान के खिलाफ 15 रन मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने बनाए थे। इस तरह इस मैच की दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की हालत खराब हो गई। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में तीसरा झटका 80 पर लगा था, जब स्टीव स्मिथ को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इसके बाद चौथा झटका ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड के रूप में लगा, जो जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल मार्श को जसप्रीत बुमराह ने 85 के कुल स्कोर पर पवेलियन भेजा।



## संक्षिप्त समाचार

### मुक्केबाज पॉल बाम्बा का 35 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन।** प्यूर्टो रिकान बॉक्सर पॉल बाम्बा का 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। एक न्यूज वेबसाइड की रिपोर्ट के अनुसार, बांबा ने 21 दिसंबर को मैक्सिको के रोजेलियो मदीना को हराकर डब्ल्यूबीए गोल्ड क्रूजरवेट खिताब जीता था। नवंबर में बाम्बा को अपनी प्रबंधन कंपनी में शामिल करने वाले गायक ने-यो ने इंस्टाग्राम पर बाम्बा के परिवार के साथ एक संयुक्त बयान में बांबा के निधन की पुष्टि की। बयान में कहा गया, बहुत दुख के साथ हम प्यारे बेटे, भाई, दोस्त और बॉक्सिंग चैंपियन पॉल बाम्बा के निधन की घोषणा करते हैं, जिनकी रोशनी और प्यार ने अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित किया। बाम्बा ने 2024 में अपने सभी 14 मुकाबलों में नॉकआउट से जीत हासिल की, जिसका समापन न्यू जर्सी में मदीना के खिलाफ उनकी विश्व खिताब जीत में हुआ। पिछले सप्ताह उस जीत के बाद बंबा ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया इस साल मैंने एक लक्ष्य निर्धारित किया था। मैंने बस वही किया। यह आसान नहीं था, कई बाधाएँ थीं जिन्हें मैंने पार कर लिया और अपने निर्धारित रास्ते पर चलता रहा। उन्होंने कहा था यदि आपके पास वह लक्ष्य है जिसे कुछ लोग असाधारण कह सकते हैं, तो उसका पीछा करें। जो कोई भी यह सोचता है कि वह आपके जितना बहादुर नहीं है, वह लोगों को गलत साबित करेगा। बांबा ने कुल 22 करियर मुकाबलों में 19 जीत दर्ज की और उनमें से 18 जीत नॉकआउट से हासिल की।

### नेल्लौर प्रतियोगिता के लिए राजस्थान की पुरुष एवं महिला टीमों का चयन

**जयपुर।** आंध्रप्रदेश के नेल्लौर में आगामी पांच से आठ जनवरी तक आयोजित आल इंडिया कैरम फेडरेशन के तत्वावधान में 29वीं अखिल भारतीय फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता 2024-25 प्रतियोगिता के लिए राजस्थान की पुरुष एवं महिला टीमों का चयन कर लिया गया है। राजस्थान कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आंध्र प्रदेश कैरम एसोसिएशन एवं नेल्लौर जिला कैरम एसोसिएशन के द्वारा नेल्लौर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य की पुरुष एवं महिला कैरम टीमें भाग लेगी।

राजस्थान की पुरुष एवं महिला कैरम टीमों का चयन कर लिया गया और ये दोनों टीमें दो जनवरी को नेल्लौर के लिए जयपुर से प्रस्थान करेगी। श्री खत्री ने बताया कि नेल्लौर में ही इस प्रतियोगिता के दौरान सात जनवरी को आल इंडिया कैरम फेडरेशन की कार्यकारिणी की एक बैठक भी आयोजित की जायेगी जिसमें वर्ष 2025-26 वर्ष के दौरान आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न कैरम प्रतियोगिताओं का कैलेंडर सुनिश्चित किया जाएगा।

### पिथौरागढ़ में नशा के खिलाफ मैराथन का आयोजन

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चलाए जा रहे 'ड्रग फ्री देवभूमि' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को पिथौरागढ़ में एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी और पुलिस अधीक्षक रेखा यादव द्वारा किया गया। मिनी मैराथन में पिथौरागढ़ पुलिस, सेना, भूतपूर्व सैनिकों, बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन को जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव ने हरी झंडी दिखाई।

# स्मार्ट विनिर्माण को बढ़ावा दे सरकार: रिपोर्ट

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विनिर्माण परिदृश्य को नया रूप देने के बीच भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने इनको अपनाने में विशेषकर छोटे और मध्यम उद्यमों के पास आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए साझा प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने, प्रौद्योगिकी के लिए बजट आवंटन बढ़ाने, उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने और स्मार्ट विनिर्माण को व्यापक रूप से अपनाने के लिए सहायक नीतियों को लागू करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की सिफारिश की है। सीआईआई ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र पर स्मार्ट प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने ऐतिहासिक विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता अध्ययन का दूसरा भाग जारी किया है। 'स्मार्ट विनिर्माण- भारत की संभावनाओं को खोलना' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में इस क्षेत्र के चल रहे डिजिटल परिवर्तन और निकट भविष्य में विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैसे आईओटी,एआई, एमएल , रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां विनिर्माण परिदृश्य को नया रूप दे रही हैं, अनुकूलन, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रही हैं। सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस और ऑटोमोटिव जैसे उच्च-पूंजी उद्योग इन तकनीकों को अपनाने में अग्रणी हैं, जबकि कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे पारंपरिक क्षेत्र धीरे-धीरे डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया है कि जबकि अधिकांश निर्माता प्रौद्योगिकी अपनाने को लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धात्मकता के एक महत्वपूर्ण चालक के रूप में पहचानते हैं, वर्तमान निवेश मामूली है, कई अपने बजट का 10 प्रतिशत से भी कम आवंटित करते हैं। हालांकि, अगले दो वर्षों में उच्च निवेश की ओर बदलाव की उम्मीद है तथा बजट का 11-15 प्रतिशत लक्ष्य करना विशेष रूप से आईओटी , रोबोटिक्स और बिग डेटा में। उच्च लागत, अस्पष्ट निवेश पर रिटर्न और विरासत प्रणालियों के एकीकरण जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं, खासकर छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट कौशल अंतर को पाटने और उन्नत तकनीकों को निर्बाध रूप से अपनाने में सक्षम बनाने के लिए कार्यबल को बेहतर बनाने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। इन बाधाओं को दूर करने के लिए, अध्ययन में साझा प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने, प्रौद्योगिकी के लिए बजट आवंटन बढ़ाने, उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने और स्मार्ट विनिर्माण को व्यापक रूप से अपनाने के लिए सहायक नीतियों को लागू करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है। सीआईआई में विनिर्माण उत्कृष्टता परिषद के अध्यक्ष और जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी ने कहा, भारत का विनिर्माण परिदृश्य एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है, जो नवीन प्रौद्योगिकियों के तेजी से अपनाने से प्रेरित है। यह रिपोर्ट विनिर्माण को नया रूप देने वाली तकनीकी क्रांति की खोज करती है, जिसमें बताया गया है कि उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाने के लिए स्मार्ट प्रौद्योगिकियां कैसे आवश्यक हैं।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन में सरकार की मदद करेगा फियो

**नयी दिल्ली।** पूर्वोत्तर क्षेत्र के हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनईएचएचडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। फियो की यहां शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस करार पर गुवाहाटी में एनईएचएचडीसी के कॉर्पोरेट कार्यालय में शुक्रवार को हस्ताक्षर किए गए। एनईएचएचडीसी पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय की एजेंसी है। समझौता ज्ञापन पर फियो के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अजय सहाय और एनईएचएचडीसी के प्रबंध निदेशक (एमडी) ब्रिगेडियर राजीव कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) ने हस्ताक्षर किए। फियो के अनुसार समझौते का उद्देश्य एक-दूसरे को निवेश और व्यापार के लिए सहयोग और साझेदारों के अवसर प्रदान करना, अपने-अपने व्यापार के दायरे में परामर्श सेवाएं प्रदान करना, व्यापार मिशनों, अध्ययन समूहों के लिए आदान-प्रदान यात्रा, प्रदर्शनियों, क्रेता-विक्रेता बैठकों, सेमिनारों, कार्यशालाओं के आयोजन में सहयोग करना, दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच संपर्कों के विकास की पहल करना, उद्यमों, विदेशी निगमों और फर्मों की जानकारी सहित व्यापार से संबंधित आर्थिक विकास के आवश्यक मुद्दों पर एक-दूसरे को जानकारी प्रदान करना है।

# आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी



**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह भारत, अमेरिका और चीन की पीएमआई एवं वाहन बिक्री के आंकड़ों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 657.48 अंक अर्थात 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 78699.07 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 225.9 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23813.40 अंक हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 99.08 अंक अर्थात 0.2 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 46325.58 पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 101.1 अंक यानी 0.2 प्रतिशत की गिरावट लेकर 55048.12 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, महत्वपूर्ण उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति के कारण, इस सप्ताह बाजार हल्के सकारात्मक झुकाव के साथ सपाट बंद हुआ।

बैंकिंग और फार्मा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन ने आईटी क्षेत्र में गिरावट को संतुलित किया, जिससे प्रमुख सूचकांकों को स्थिरता मिली। मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयर भी मामूली उतार-चढ़ाव के साथ सपाट बंद हुए। बाजार की सुस्त प्रवृत्ति में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट प्रमुख रही। इन कारकों ने निवेशकों की चिंताओं को बढ़ाया। अमेरिका के टैरिफ में संभावित वृद्धि और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की वर्ष 2025 तक ब्याज दरों में कटौती की कम संभावना निवेश धारणा को कमजोर कर रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आर्थिक नीतियों और ऊंचे मूल्यांकन पर अनिश्चितता विशेष रूप से उभरते बाजारों में अल्पकालिक दबाव बना सकती है। साथ ही अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि एफआईआई की पूंजी निकासी को तेज कर रही है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया समझौते के दो वर्ष में व्यापार दोगुना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग तथा व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) के दो वर्ष में द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार दोगुना से अधिक हो गया है और इस प्रगति को विस्तार देने के लिए दोनों पक्ष सहयोग को और विस्तार देने के लिए एक व्यापक समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा के लाभों को रेखांकित करते हुए एक रिपोर्ट में कहा है कि 2020-21 में दोनों देशों के बीच व्यापार 12.2 अरब अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 26 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था। भारत आस्ट्रेलिया एक्टा के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। हालांकि, वर्ष 2023-24 में कुल व्यापार में थोड़ी नरमी आई और यह 24 अरब अमेरिकी डॉलर रहा लेकिन इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा।

मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष में मजबूत गति देखने को मिल रही है। अप्रैल-नवंबर 2024 तक कुल व्यापारिक द्विपक्षीय व्यापार 16.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार दोनों देशों के बीच तरजीही आयात डेटा का आदान-प्रदान शुरू हो गया है, जो 2023 में समझौते के प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाता है। डेटा से पता चलता है कि निर्यात उपयोग 79 प्रतिशत और आयात उपयोग 84 प्रतिशत है। कपड़ा, रसायन और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जबकि हीरे जड़े सोने और टर्बोजेट सहित नई लाइनों पर निर्यात समझौते द्वारा सक्षम विविधीकरण को दर्शाता है। विश्लेषण से संकेत मिलता है कि दोनों पक्षों के बीच धातु अयस्कों, कपास, लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों जैसे आवश्यक कच्चे माल के आयात ने भारत के उद्योगों को बढ़ावा दिया है, जिससे इस साझेदारी की जीत-जीत प्रकृति में योगदान मिला है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया समझौते के दो वर्ष में व्यापार दोगुना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग तथा व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) के दो वर्ष में द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार दोगुना से अधिक हो गया है और इस प्रगति को विस्तार देने के लिए दोनों पक्ष सहयोग को और विस्तार देने के लिए एक व्यापक समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा के लाभों को रेखांकित करते हुए एक रिपोर्ट में कहा है कि 2020-21 में दोनों देशों के बीच व्यापार 12.2 अरब अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 26 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था। भारत आस्ट्रेलिया एक्टा के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। हालांकि, वर्ष 2023-24 में कुल व्यापार में थोड़ी नरमी आई और यह 24 अरब अमेरिकी डॉलर रहा लेकिन इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा। मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष में मजबूत गति देखने को मिल रही है। अप्रैल-नवंबर 2024 तक कुल व्यापारिक द्विपक्षीय व्यापार 16.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार दोनों देशों के बीच तरजीही आयात डेटा का आदान-प्रदान शुरू हो गया है, जो 2023 में समझौते के प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाता है। डेटा से पता चलता है कि निर्यात उपयोग 79 प्रतिशत और आयात उपयोग 84 प्रतिशत है। कपड़ा, रसायन और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जबकि हीरे जड़े सोने और टर्बोजेट सहित नई लाइनों पर निर्यात समझौते द्वारा सक्षम विविधीकरण को दर्शाता है। विश्लेषण से संकेत मिलता है कि दोनों पक्षों के बीच धातु अयस्कों, कपास, लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों जैसे आवश्यक कच्चे माल के आयात ने भारत के उद्योगों को बढ़ावा दिया है, जिससे इस साझेदारी की जीत-जीत प्रकृति में योगदान मिला है।



इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में वृद्धि की गुंजाइश है। भारत का अनुमान है कि समझौते के ये दो वर्ष उल्लेखनीय सफलता के रहे हैं। इससे दोनों देशों में पारस्परिक विकास को बढ़ावा मिला है और इसने दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरकता को प्रदर्शित किया। मंत्रालय ने कहा है कि भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा ने व्यापार संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है, दोनों देशों में एमएसएमई, व्यवसायों और रोजगार के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और साथ ही उनकी आर्थिक साझेदारी की नींव को मजबूत किया है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# मेरी ही सीट पर बीजेपी का ऑपरेशन लोटस

## वोट काटने और जोड़ने पर केजरीवाल का बड़ा दावा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर ऑपरेशन लोटस चलाने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने दावा किया है कि केजरीवाल उन्हीं की सीट यानी नई दिल्ली सीट पर 15 दिसंबर से ऑपरेशन लोटस चला रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव जीतने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में - उनका ऑपरेशन लोटस 15 दिसंबर से चल रहा है। इन 15 दिनों में, उन्होंने लगभग 5,000 वोट डिलीट करने और 7,500 वोट जोड़ने के लिए आवेदन दायर किया है। उन्होंने कहा, नई दिल्ली में एक लाख 6 हजार वोट हैं। एक लाख 6 हजार वोट में से अगर 5 फसदी वोट यह डिलीट करवा रहे हैं और साढ़े सात वोट जोड़ रहे हैं तो फिर चुनाव कराने की जरूरत क्या है। यह तो सरेआम बदमाशी हो रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी मौजूदा वोटर के नाम डिलीट कर रही है। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर 29 अख्टूबर से 14 दिसंबर तक 900 वोट कटवाने के लिए आवेदन आए। 15 दिसंबर से आज तक 5000 वोट डिलीशन के लिए आए।19 दिसंबर को यानी एक दिन में ही डेढ़ हजार वोट डिलीशन के लिए आए। अरविंद केजरीवाल ने कहा, जो लोग वोट काटने का आवेदन कर रहे हैं वह कौन हैं और किसके इशाके पर काम कर रहे हैं। वहीं वोट जोड़ने के मामले में उन्होंने कहा, जब चुनाव आयोग ने दो महीने तक घर-घर जाकर वोट बनाये तो अब 15 दिनों में 10 हजार वोटर कहां से आ गए, जिनके वोट बनवाये जा रहे हैं। बीजेपी बाहर से लोगों को ला रही है, जिनके फर्जी वोट बनवाये जा रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने अधिकारियों को भी आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि आप पर दबाव बढ़ने वाला है लेकिन कोई भी गलत काम करने से पहले यह सोच लेना कि आज नहीं तो कल सरकार बदलेगी लेकिन फाइलें और आपके साइन वहीं रहेंगे।

कोई किसी से नहीं पूछेगा कि किसके कहने पर किया था, आखिर में पकड़े आप जाओगे। केजरीवाल ने कहा, बीजेपी 15 दिसंबर से तीन हथकंडे अपना रही है। पहला वोट कटवाओं, दूसरा फर्जी वोट ऐड करवाओं और तीसरा लोगों में पैसे बांटो। यह लोग खुलेआम पैसे बांट रहे हैं। देश ने पिछले 70 सालों में इतनी बेशर्मी और नंगापन नहीं देखा होगा। लोग भी बोल रहे हैं कि हम पैसे तो ले लेंगे लेकिन वोट आम आदमी पार्टी को देंगे।

# लाबुशेन, कमिंस और लायन ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त

एजेंसी

**मेलबर्न।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलियाने दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन(70), कप्तान पैट कमिंस (41) और नेथन लायन (नाबाद 41) की उपयोगी पारियों की बदौलत दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 228 रन बना लिये है। इसी के साथ उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई हैं।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला विकेट 20 के स्कोर पर सैम कोंस्टास (आठ) के रूप में गंवाया है। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। 19वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा (21) को बोल्ड आउट किया। भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने 53 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये है हालांकि ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 158 रन हो चुकी है। 33वें ओवर में सिराज ने स्टीव स्मिथ (13) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में बुमराह ने ट्रेविस हेड (एक) को भी विदा कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसी के साथ बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में अपने दो विकेट पूरे कर लिये। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पांचवा झटका दिया। 36वें ओवर में बुमराह ने एलेक्स कैरी (दो) को बोल्ड कर अपना चौथा शिकार किया। ऑस्ट्रेलिया का सातवां विकेट मार्नस लाबुशेन के रूप में गिरा। उन्होंने मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। लाबुशेन ने 139 गेंदों में तीन चौकों की मदद से (70) रनों की पारी खेली। आठवां विकेट मिचेल स्टार्क (पांच) का रन आउट के रूप में गिरा। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने कप्तान पैट कमिंस को (41) के स्कोर पर चलता कर दिया। नेथन लायन और स्कॉट बोलैंड ने 10वें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए को स्कोर दो सौ रनों के पार पहुंचा दिया।

# संक्षिप्त सामाचार

## दुर्ग सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धमधा और नंदिनी के बीच रविवार को कार पेड़ से टकरा गई व इसके बाद कार में आग लग गई जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, धमधा और नंदिनी के बीच एक कार पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराते ही कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। नंदिनी थाना के टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि आग लगने से वाहन चालक अमित ताम्रकार (30) पिता महेंद्र ताम्रकार निवासी धमधा और उसका साथी आदित्य कसेर (33) पिता अशोक कसेर निवासी धमधा की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। इस हादसे में कार सवार दो अन्य लोगों को भिलाई के शंकराचार्य अस्पताल में इलाज लाया गया है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दोनों घायलों की पहचान अनीश ताम्रकार एवं सुधांशु ताम्रकार के रूप में हुई है।

## कथित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में युवक की मृत्यु, पटवारी आज करेंगे परिजन से मुलाकात

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के देवास जिले के सतवास थाने में कथित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में प्रताड़ना के चलते एक व्यक्ति की मृत्यु का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज युवक के परिजन से मुलाकात करने वाले हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार श्री पटवारी दोपहर को सतवास जाकर युवक के परिजन से मुलाकात करेंगे। कल इस मामले में कुछ लोगों ने प्रदर्शन भी किया था। मृत व्यक्ति की पहचान मालगांव निवासी मुकेश के रूप में हुयी है। परिजन और ग्रामीण शनिवार देर शाम थाने के पास धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध बताते हुए कहा कि उसकी प्रताड़ना के कारण ही मुकेश की मृत्यु हुयी है। इस बीच पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर देर रात कहा कि इस मामले में सतवास थाना प्रभारी और संबंधित पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर निष्पक्ष जांच की जाना चाहिए।

## बोरवेल में गिरे बच्चे को निकाला गया बाहर, अचेत हालत में अस्पताल में भर्ती

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के पीपल्या गांव में एक खुले बोरवेल में गिरे बच्चे को आज सुबह बाहर निकाल लिया। बच्चे को अचेत हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि कल दोपहर सुमित नाम का एक बच्चा पतंग उड़ाते हुए अपने ही खेत के खुले बोरवेल में गिर गया था। उसके बाद उसे सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों के तहत बोरवेल के समानांतर बड़ा गड्ढा खोदने का प्रारंभ किया गया। रात भर बचाव कार्य चला, जिसके बाद आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उसे बाहर निकाल लिया गया। उसकी हल्की-हल्की सांस चल रही है। फिलहाल बच्चा अचेत है। उसे तत्काल इलाज के लिए गुना रवाना किया गया है। राघौगढ़ क्षेत्र के तहत आने वाले इस गांव में राहत और बचाव कार्य के बीच देर रात कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी दल बल के साथ मौजूद रहे।

# नीतीश ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर जताया शोक





एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

श्री कुमार ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। वह विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे। उन्होंने महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव के पद पर रहते हुये विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यों को अंजाम दिया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पद पर रहते हुये अपने कार्यों को सफ संपादित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य कुणाल के निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से

# लेबनान ने 70 सीरियाई सैनिकों को सीरिया वापस भेजा

एजेंसी



**काहिरा।** लेबनान सरकार ने सीरिया में सत्ता में आए सीरियाई सशस्त्र विपक्ष को 70 सीरियाई सैनिकों और अधिकारियों को सौंप दिया है। ये लोग पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पद छोड़ने के बाद लेबनान भाग गए थे।

सीरियाई समाचार पत्र अल-वतन ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये लोग असद के परिवार के करीबी थे और अनौपचारिक मार्गों से अवैध रूप से लेबनान की सीमा पार कर गए थे। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बौ हबीब ने गुरुवार को अपने नए सीरियाई समकक्ष असद हसन अल-शैबानी के साथ एक टेलीफोन बातचीत में कहा कि बेरूत को दमिश्क में नए अधिकारियों के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध बनाने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि सीरिया के सशस्त्र विपक्ष ने गत आठ दिसंबर को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। रूस के अधिकारियों ने कहा कि सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद ने सीरियाई संघर्ष में प्रतिभागियों के साथ बातचीत के बाद पद छोड़ दिया और सीरिया छोड़कर रूस चले गए जहाँ उन्हें शरण दी गई।

मोहम्मद अल-बशीर जिन्होंने हयात तहरीर अल-शाम और अन्य विपक्षी समूहों द्वारा गठित इदलिब-आधारित प्रशासन चलाया था को अंतरिम प्रधानमंत्री नामित किया गया। बाद में उन्होंने घोषणा की कि एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया है और यह मार्च 2025 तक बनी रहेगी।

# जम्मू कैट ने दी अधिक आयु वाले 241 आवेदकों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति

एजेंसी



**जम्मू।** जम्मू में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण की एक पीठ ने जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) को निर्देश दिया है कि वह 24 नवंबर, 2024 के विज्ञापन नोटिस के माध्यम से अधिसूचित उप-निरीक्षक के पदों के लिए चयन प्रक्रिया में 241 अधिक उम्र के आवेदकों को भाग लेने की अनुमति दे। कैट ने (जिसमें सदस्य (न्यायिक) राजिंदर सिंह डोगरा और सदस्य (प्रशासनिक) राम मोहन जौहरी शामिल थे) अश्विनी सिंह और अन्य बनाम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और अन्य नामक एक आवेदन पर सुनवाई की, जो 241 अधिक उम्र के बेरोजगार स्नातकों द्वारा दायर किया गया था। इसमें जेकेएसएसबी द्वारा की जा रही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आयु में छूट की मांग की गई थी। कैट ने 241 आवेदकों की ओर से उपस्थित अधिवक्ता शेख शकील अहमद तथा अधिवक्ता सुप्रिया सिंह चौहान, एम. जुल्करनैन चौधरी और समीना कौसर की दलीलें सुनने के बाद निर्देश दिया कि आवेदकों की भागीदारी उनके स्वयं के जोखिम और जिम्मेदारी पर होगी। आवेदकों के चयन का परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखा जाएगा और न्यायाधिकरण के अगले आदेश की प्रतीक्षा की जाएगी। सुनवाई के श्री अहमद ने जोरदार ढंग से तर्क दिया कि सार्वजनिक रोजगार एक राष्ट्रीय संपदा है और सभी पात्र उम्मीदवारों को प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के लिए विचार करने का मौलिक अधिकार है, लेकिन वर्तमान मामले में भागीदारी के लिए अधिकतम आयु 28 वर्ष तक सीमित कर दी गई है और न्यायाधिकरण के समक्ष 241 आवेदक मांगकर्ता (गृह) विभाग की ओर से निष्क्रियता के कारण अधिक आयु के हो गए, क्योंकि विज्ञापन अंतिम चयन प्रक्रिया पूरा होने के तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद जारी किया गया था। अधिवक्ता अहमद ने एसआरओ-166, 2005 पर प्रकाश डाला, जिसके तहत जम्मू-कश्मीर सरकार के सभी प्रशासनिक सचिवों को हर साल 15 जनवरी तक रिक्तियों को जम्मू-कश्मीर पीएससी/एसएसबी को संदर्भित करने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन वर्तमान मामले में गृह विभाग एसआरओ-166, 2005 के परिणाम का अनुपालन करने में विफल रहा, तीन वर्षों तक रिक्तियों को एसएसबी को संदर्भित नहीं किया जा सका और परिणामस्वरूप आवेदकों की आयु तीन वर्ष से अधिक हो गई।

# पालघर जिले में ट्रेन कि चपेट में आने से दो युवक कि मौत

मृत्युंजय पान्डेय



**पालघर।** दिनांक 27/12/2024 दिन शुक्रवार को रेलवे क्रासिंग पार कर रहे दो युवक की ट्रेन कि चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति पूरी तरह से घायल होने कि जानकारी मिल रही है। ।पालघर महावितरण कार्यालय के अंतर्गत हनुमान चौक के पास मुंबई सें आ रही गाड़ी नंबर (12955) मुंबई सेंट्रल से जयपुर एक्सप्रेस के चपेट में आने से दो युवक कि मौत हो गई , और एक घायल बताए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी केअनुसार जिला आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख विवेकानंद कदम से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले हैं, व बोईसर में किसी प्राइवेट कम्पनी में मजदूरी करते थे, और तीनों समान खरीदने के लिए पालघर में खरीदारी करने गये थे , क़रीब ,830 बजे तीनों युवक हनुमान चौक के पास रेलवे क्रासिंग पार करने के कोशिश कर रहे थे , तभी अचानक तेज रफ़्तार से आई रही ट्रेन से कटकर मौत हो गई, स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फाटक बंद होने के वावजूद रेलवे क्रासिंग पार कर रहे थे तभी अचानक तेज रफ़्तार से आई रही ट्रेन कि चपेट में आने से दो युवक कि कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई व दुसरा व्यक्ति पूरी तरह से घायल हो कर भागने में सफल रहा ।जिसका इलाज नजदीक अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों कहना है कि वहां पर पश्चिम कि ओर आने जाने के लिए कोई विकल्प नहीं होने के वावजूद भी लोगों का आने जाने के लिए लोग उपयोग करते हैं।

# गाजा में इज़रायली हवाई हमले में नौ फ़िलिस्तीनी मारे गए

एजेंसी



**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में माघाज़ी शरणार्थी शिविर में शनिवार को एक घर पर इज़रायली हवाई हमले में कम से कम नौ फ़िलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक इज़रायली विमान ने माघाज़ी शिविर के बाहरी इलाके में एक घर पर कम से कम एक मिसाइल से बमबारी की। मध्य गाजा के डेर अल-बलाह शहर में अल-अक्सा अस्पताल के प्रवक्ता हुसाम अल-दकरान ने बताया कि हवाई हमले के बाद बच्चों और महिलाओं सहित नौ लोग मारे गए और कई घायल लोगों को अस्पताल भेजा गया। इज़रायली सेना ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। इज़रायली सेना के प्रवक्ता अविचे एद्राई ने शनिवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इज़रायली सेना ने बेत हनौन क्षेत्र में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ़ रात में कार्रवाई शुरू की, क्योंकि उन्हें इस क्षेत्र में कई आतंकवादियों और आतंकवादी सुविधाओं की मौजूदगी के बारे में पहले से ही खुफिया जानकारी थी। बयान के अनुसार सेना के प्रवेश करने से पहले इज़रायली लड़ाकू विमानों ने तोपखाने की गोलाबारी के साथ मिलकर क्षेत्र में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया जिसमें आतंकवादी जमावड़े के स्थान और हमास आतंकवादी संगठन से संबंधित अन्य आतंकवादी सुविधाएँ शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इज़रायल सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़रायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले का बदला लेने के लिए गाजा में हमास के खिलाफ़ बड़े पैमाने पर आक्रमण कर रहा है जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एन्क्लेव में चल रहे इज़रायली हमलों में फ़िलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 45,484 हो गई है।

## द़ कोरिया में विमान दुर्घटना में 85 लोगों की मौत

**सोल।** दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पश्चिम में एक हवाई अड्डे पर रविवार को हुई विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 85 हो गई। योनहाप समाचार एजेंसी ने अग्निशमन एजेंसी के हवाले से बताया कि दक्षिण कोरिया के 173 और दो थाई लोगों सहित 175 यात्रियों एवं छह चालक दल सदस्य के साथ यात्री विमान राजधानी सोल से लगभग 290 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 09:07 बजे मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में 85 लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग बचा लिए गए। अतिरिक्त संभावित हताहतों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान जारी है। एजेंसी ने बताया कि बैंकॉक, थाईलैंड से जेजू एयर का विमान 7सी2216 रनवे से उतर गयर और रनवे की बाहरी दीवार से टकरा गया जिससे उसमें आग लग गई। माना जा रहा है कि दुर्घटना पक्षी के टकराने के कारण हुई जिसके कारण लैंडिंग गियर में खराबी आ गई।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी
और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत
तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007